


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 23 अगस्त 2026

संवत 2083, श्रावण शुक्ल 11 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 340 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ सावन में शिवलिंग पर चढ़ाएं ये 3 तेल सुख-सौभाग्य का मिलेगा वरदान

सोनाक्षी करेंगी पॉलिटिक्स में एंट्री ◀◀ 6


# भगवान पर टिप्पणी से बवाल : सोशल मीडिया पोस्ट पर भड़की उग्र भीड़ ने घर में घुसकर मचाया तांडव

- इलाके में भारी तनाव , स्थिति को काबू में करने के लिए अन्य जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया

**संवाददाता**

**जामताड़ा :** जिले में सोशल मीडिया पर की गई एक टिप्पणी ने भयानक हिंसक रूप ले लिया है। धार्मिक भावनाओं से जुड़े एक पोस्ट पर हुए विवाद के बाद सैकड़ों की उग्र भीड़ ने एक शख्स के घर पर धावा बोल दिया। हालात इतने बेकाबू हो गए कि बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस को भी भीड़ के गुस्से का शिकार होना पड़ा । उपद्रवियों ने पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। फिलहाल इलाके में भारी तनाव है और स्थिति को काबू में करने के लिए आनन-फानन में अन्य जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया है।

**कहां से शुरू हुआ पूरा विवाद?**



यह पूरा बवाल करमाटांड़ थाना क्षेत्र के कुरुवा हटिया में भगवान के खिलाफ की गई एक कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। इस मामले में अफरोज आलम नाम के युवक की गिरफ्तारी हुई थी, जिसकी जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई थी। बताया जा रहा है कि इसी पोस्ट पर नावाडीह पंचायत के थानारडीह गांव के रहने वाले भूदेव मंडल ने एक टिप्पणी कर दी, जिससे दूसरा पक्ष बुरी तरह भड़क उठा। शनिवार शाम देखते ही देखते एक बड़ी भीड़ भूदेव मंडल के घर पहुंच गई और वहां जमकर उत्पात मचाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और महिलाओं के साथ भी कथित तौर पर अभद्रता की, हालांकि पुलिस ने अभी तक महिलाओं से जुड़े आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**पुलिस पहुंची तो भीड़ ने किया पुलिस वाहन पर हमला:**

घटना की सूचना मिलते ही करमाटांड़ थाना प्रभारी अलखनाथ चौबे और सी विकास तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन उग्र भीड़ के सामने पुलिसकर्मियों की संख्या कम पड़ गई। तनावपूर्ण स्थिति के बीच उपद्रवियों ने पुलिस के वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) वसीम रजा को तुरंत दल-बल के साथ घटनास्थल की ओर रवाना होना पड़ा। बवाल के दौरान कुछ लोगों द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाने का भी विरोध किया गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उपद्रवियों के नशे में होने और एक स्थानीय मंदिर परिसर में आपत्तिजनक गतिविधि कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनकी पुलिस गहराई से जांच कर रही है। श्रावणी मेले के कारण फोर्स की कमी, दुमका से बुलाई गई मददः इलाके में बढ़ते तनाव को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार और करमाटांड़ अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने भी मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। एसडीपीओ वसीम रजा ने बताया कि श्रावणी मेले के चलते जिले का अधिकतर पुलिस बल देवघर में तैनात है, इसलिए स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए दुमका और चितरा से अतिरिक्त पुलिस जवानों को बुलाया गया है। फिलहाल नावाडीह और उसके आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और भड़काऊ पोस्ट से बचने की अपील की है। पुलिस स्पष्ट कर चुकी है कि जांच के बाद उपद्रवियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और फिलहाल क्षेत्र में शांति बहाली ही प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# मुंबई में 22 फीट ऊंची भगवान गणेश की मूर्ति गिरी, 2 की मौत ,5 घायल

**एजेंसी**

मुंबई : गणेशोत्सव की तैयारियों के बीच मुंबई के भुलेश्वर में बड़ा हादसा हो गया। शनिवार रात भुलेश्वर चा राजा के नाम से मशहूर भगवान गणेश की 22 फीट ऊंची मूर्ति लाते समय संतुलन बिगड़ने के कारण गिर गई। मूर्ति की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार देर रात करीब 10 ।30 बजे भायखला से भुलेश्वर ले जाई जा रही 22 फुट ऊंची विशाल मूर्ति मंडप से 50-60 मीटर पहले अचानक गिर गई। मूर्ति की चपेट में आने से करीब 7 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम, बीएमसी के अधिकारी और मुंबई पुलिस मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू करके घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। गौरतलब है कि मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में गणेशोत्सव बहुत भव्य तरीके से मनाया जाता है।



अगले महीने पड़ने वाले गणेश चतुर्थी की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। दस दिन चलने वाले इस त्योहार में घरों के साथ सार्वजनिक पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। मुंबई में प्रतिमाओं को पंडाल तक लाने और विसर्जन के लिए जुलूस निकाले जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस साल महाराष्ट्र में गणेशोत्सव 14 सितंबर से शुरू होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई में 10,600 सार्वजनिक गणेश मंडल हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 2,500 ने ही 10 दिन तक चलने वाले इस त्योहार के लिए मंजूरी ली है। अनुमान है कि पूरे महाराष्ट्र में लगभग 28 लाख गणेश मूर्तियां स्थापित की जाएंगी।


## कोकर में बासुदेव ऑटो वर्कशॉप में लगी भीषण आग

# 9 गाड़ियां जलकर खाक,हड़कंप

**संवाददाता**

रांची : सदर थाना क्षेत्र के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बासुदेब ऑटो (टाटा मोटर्स) के वर्कशॉप में रविवार सुबह लगभग 5 ।30 बजे आग लग गयी। इस अगलगी में वर्कशॉप के अंदर मरम्मत और सर्विसिंग के लिए खड़ी नौ चार पहिया वाहन पूरी तरह जल कर खाक हो गयी। आग दिखते ही वर्कशॉप की सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने इसकी सूचना प्रबंधन को दी। इसके बाद स्थानीय थाना और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा : घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन



प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट को ही आग लगने की वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वाहन मालिकों को सूचना दी गयी : वर्कशॉप के पदाधिकारियों ने कहा कि जिन गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है, उन वाहन मालिकों को फोन कर सूचना दी गयी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# पटना से गोमतीनगर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव कोच का शीशा टूटा, बिहटा स्टेशन के पास की घटना

**एजेंसी**

पटनाः रविवार की सुबह पटना से गोमतीनगर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (ट्रेन संख्या 22345) पर बिहटा स्टेशन से निकलते समय पथराव हुआ है। सुबह करीब 6:22 बजे हुई इस घटना में पत्थर लगने से ट्रेन के सी6 कोच का एक शीशा टूट गया। हालांकि, घटना में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।

बिहटा स्?टेशन से आगे नि?कलते समय घटनाः जानकारी के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस बिहटा स्टेशन से आगे निकल रही थी। इसी दौरान बाहर से किसी व्यक्ति ने ट्रेन पर पत्थर फेंका। पत्थर सी-6 कोच की खिड़की के शीशे से जा टकराया, जिससे



शीशा टूट गया। अचानक हुई घटना से यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई ।घटना की सूचना रेलवे के संबंधित अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को दी गई है। आरपीएफ की ओर से पत्थर फेंकने वाले की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्र में जांच की जा रही है।

आरपीएफ ने शुरू की जांचः घटना की सूचना रेलवे के संबंधित अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को दी गई। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पत्थर फेंकने वाले की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू कर दी है। पटना-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस संख्या 22345 पटना जंक्शन से सुबह रवाना होकर आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी और अयोध्या होते हुए गोमतीनगर पहुंचती है। ट्रेन का निर्धारित मार्ग करीब 544 किलोमीटर का है। रेलवे की ओर से इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाता है, क्योंकि चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी से यात्रियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। फिलहाल आरपीएफ की जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि पत्थर किसने और किस उद्देश्य से फेंका था।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में ऑक्सीजन की कमी, ग्राउंडेड

**संवाददाता**

**रांचीः** दिल्ली से रांची पहुंचा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान ऑक्सीजन की कमी के कारण रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार विमान संख्या आईएक्स 1046 दिल्ली-रांची अपने निर्धारित समय सुबह 9 ।05 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचा। यात्रियों के उतरने के बाद विमान की नियमित जांच की गई। इसी दौरान इंजीनियरों को विमान में ऑक्सीजन की कमी की जानकारी मिली।

**तकनीकी जांच के बाद विमान किया गया ग्राउंडेडः** विमान में ऑक्सीजन की कमी की जानकारी मिलने के बाद इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी गई। इसके बाद विमान को ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया। एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए उद्घोषणा कर बताया गया कि तकनीकी कारणों से विमान को फिलहाल उड़ान की





अनुमति नहीं दी गई है।

साढ़े 3 घंटे बाद उड़ान भरेगा विमानः विमान अब दोपहर 12 ।30 बजे रांची से दिल्ली के लिए रवाना होगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारी के अनुसार, विमान में ऑक्सीजन भरने में करीब ढाई से 3 घंटे का समय लगता है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए विमान को ग्राउंडेड घोषित किया गया।

यात्रियों को चाय-नाश्ता और रिफंड का विकल्पः विमान के यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर चाय और नाश्ते की व्यवस्था की गई। वहीं, जो यात्री किसी दूसरे विमान से दिल्ली जाना चाहते थे, उन्हें टिकट का रिफंड लेने का विकल्प भी दिया गया।

## एक देश, एक चुनाव पर बड़ा अपडेट

# 2034 की जगह 2029 में ही लागू करने का खाका, राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मंथन शुरू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देशभर में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की दिशा में केंद्र सरकार ने अपनी कवायद तेज कर दी है। एक देश, एक चुनाव के मसौदे पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति ने अब सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से परामर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, सरकार इस ऐतिहासिक बदलाव को लागू करने के लिए तय की गई 2034 की समयसीमा को घटाकर 2029 करने की योजना बना रही है। यदि इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगती है, तो अगला लोकसभा चुनाव पूरी तरह नए स्वरूप में होगा और देश भर की विधानसभाओं को एक साथ भंग किया जा सकता है।

समयसीमा घटाने और नए



समीकरणों पर मंथनः शुरूआती तौर पर वर्ष 2024 में बनी समिति का लक्ष्य 2034 तक एक साथ चुनाव कराने की रणनीति तैयार करना था, लेकिन अब सरकार इसे ज्यादा लंबा नहीं खींचना चाहती। वर्तमान में देश के 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है, जिनमें से 11 राज्यों में अगले दो सालों के भीतर चुनाव प्रस्तावित हैं। वहीं आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा में पहले से ही आम चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव कराए जाते रहे हैं। ऐसे में अगर 2029 से यह व्यवस्था लागू होती है, तो कई राज्यों के चुनावी चक्र में बड़ा फेरबदल तय है।

शीतकालीन सत्र में पेश हो सकती है संयुक्त समिति की रिपोर्टः विगत दो वर्षों से इस जटिल प्रक्रिया पर काम कर रही 41 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकती है। यह समिति संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 के जरिए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के हर पहलू पर विचार कर रही है। संवैधानिक प्रावधानों के तहत अनुच्छेद 174(2)(ु) राज्यपाल को मंत्रिपरिषद की सलाह पर विधानसभा भंग करने का अधिकार देता है, जिससे एनडीए शासित राज्यों में यह प्रक्रिया अपेक्षाकृत सुगम हो सकती है।

कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दिया समर्थनः इस व्यवस्था को धरातल पर उतारने के लिए राज्यों का रुख बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गोवा, हरियाणा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों ने लोकसभा के साथ ही अपने राज्यों के चुनाव कराने की इच्छा जताते हुए इस पहल का समर्थन किया है। इसके अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भी समिति के साथ बैठक कर इस पूरे प्रस्ताव पर अपनी राय साझा की है। समिति देशव्यापी स्तर पर सभी राजनीतिक दलों और हितधारकों से संवाद कर आम सहमति बनाने का प्रयास कर रही है।

# दून अस्पताल में गयी बिजली : वेंटिलेटर बंद होने पर डॉक्टरों ने हाथों से पंप कर बचाई तड़पते 10 मासूमों की जान

**एजेंसी**

देहरादून : उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में एक ऐसा खौफनाक मंजर देखने को मिला, जिसने स्वास्थ्य महकमे के दावों और सिस्टम की खोखली व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पीकू (बाल गहन चिकित्सा इकाई) वार्ड में अचानक बत्ती गुल हो गई और करोड़ों के बजट वाले अस्पताल का पावर बैकअप सिस्टम भी पूरी तरह फेल हो गया। मशीनें बंद होने से वेंटिलेटर के सहारे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे 10 मासूम बच्चों की सांसें अटक गईं। गनीमत यह रही कि वार्ड में मौजूद डॉक्टरों ने भगवान बनकर तुरंत मोर्चा संभाला और एंबु बैग के जरिए अपने हाथों से पंप कर 10 मिनट तक बच्चों को मौत के मुंह में जाने से रोक लिया।

**अंधेरा छाते ही अस्पताल में मच गई चीख-पुकारः** यह रूह कंपा देने वाली घटना गुरुवार रात करीब 11:20 बजे की है। ओटी इमरजेंसी भवन की बिजली



अचानक चली गई। बिजली जाते ही पीकू वार्ड का यूपीएस भी ठप पड़ गया और बैकअप के लिए लगाया गया जनरेटर का पैनल हैंग हो गया। देखते ही देखते पूरे वार्ड में घुप्प अंधेरा छा गया और मशीनों की बीप-बीप शांत हो गई। वेंटिलेटर पर एक सात महीने का मासूम, दो साल, पांच साल और पंद्रह साल की बच्चियां जिंदगी की जंग लड़ रही थीं। बिजली कटते ही उपकरण बंद हो गए और परिजनों की सांसें भी हलक में अटक गईं। हालात बेकाबू होते देख बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार, पीजी चिकित्सकों और स्टाफ ने तुरंत एंबु बैग उठाया और मैनुअल तरीके से बच्चों के फेफड़ों तक हवा पहुंचानी शुरू की। करीब 10 मिनट तक हाथों से बैग दबाकर बच्चों की सांसें चलाई गईं, जिसके बाद जनरेटर चालू हुआ। एक साल से खराब थीं बैटरियां, चार चिट्ठियों के बाद भी सोता रहा प्रशासनः इस गंभीर लापरवाही ने अस्पताल प्रशासन के काम करने के तरीके पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, पीकू जैसी अति संवेदनशील इकाई में वेंटिलेटर की बैटरियां पिछले एक साल से खराब पड़ी थीं। हैरान करने वाली बात यह है कि इस खामी को दूर करने और यूपीएस दुरुस्त कराने के लिए संबंधित विभाग को साल भर में चार बार पत्र लिखे जा चुके थे, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। रोजाना होने वाले निरीक्षण महज एक औपचारिकता बनकर रह गए और किसी भी अधिकारी ने इस टाइम बम पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।

न्यूज IN ब्रीफ

## पड़वा मोड़ पर दो हाइवा की टक्कर, चालक घायल

**पलामू :** नावाबाजार थाना क्षेत्र के पड़वा मोड़ के पास रविवार को दो हाइवा वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक हाइवा का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन में फंस गया।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सड़क खराब होने के कारण एक हाइवा का अचानक ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद वह सामने चल रहे दूसरे हाइवा से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक वाहन के अंदर फंस गया।

घटना की सूचना ग्रामीणों ने नावाबाजार थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे चालक को बाहर निकाला और इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा। वहां घायल चालक का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मसीही विश्वासियों ने मनाया संत मोनिका का पर्व



**रांची:** मसीही विश्वासियों ने रविवार को माताओं की संरक्षिका संत मोनिका का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर में सुबह 8 बजे विशेष मिस्सा (आराधना) का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठाता बिशप आनंद डेविड थे। मिस्सा में बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल हुए और संत मोनिका की मध्यस्थता से प्रार्थना की। प्रार्थना और धैर्य की मिसाल हैं संत मोनिकाः मिस्सा के दौरान अपने उपदेश में बिशप आनंद डेविड ने संत मोनिका के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोनिका एक साधारण महिला थीं। उनके पति, सास-ससुर और तीन बच्चे थे। उनका एक पुत्र गलत रास्ते पर चला गया था। उन्होंने कहा कि पुत्र के जीवन को लेकर मोनिका ने लंबे समय तक दुख सहा। वह अपने पुत्र के लिए रोती थीं, लगातार प्रार्थना करती थीं और करीब 17 वर्षों तक धैर्य के साथ उसके बदलाव की प्रतीक्षा करती रहीं। उनके त्याग, प्रार्थना और विश्वास का प्रभाव उनके पुत्र के जीवन पर पड़ा।

मां की प्रार्थना से बदला पुत्र का जीवनः बिशप आनंद डेविड ने कहा कि जब मोनिका के पुत्र को अपनी मां के कष्ट, त्याग और प्रार्थना से भरे जीवन का एहसास हुआ, तो उसके भीतर पश्चाताप की भावना जागी और उसका जीवन बदल गया। आगे चलकर वही पुत्र संत अगुस्तीन के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि ईश्वर के वचन पर अटूट विश्वास और निरंतर प्रार्थना के कारण मोनिका स्वयं भी संत मोनिका के नाम से जानी गईं। उनका जीवन माताओं के लिए धैर्य, त्याग, विश्वास और प्रार्थना की प्रेरणा देता है। संत मोनिका से प्रेरणा लेने का आह्वानः बिशप ने कहा कि आज भी विश्वासी संत मोनिका की मध्यस्थता से प्रार्थना करते हैं और उनसे प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उनके जीवन से यह संदेश मिलता है कि कठिन परिस्थितियों में भी विश्वास और प्रार्थना का रास्ता नहीं छोड़ना चाहिए। संत मोनिका की मध्यस्थता से ईश्वरीय कृपा प्राप्त करने की कामना के साथ विश्वासियों ने विशेष प्रार्थना की। मिस्सा में संत मरिया महागिरजाघर के पल्ली पुरोहित फादर अनिल कुजूर सहित बड़ी संख्या में विश्वासी उपस्थित थे।

## 4.74 लाख की साइबर ठगी का खुलासा, लखीसराय से आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो :** साइबर थाना पुलिस ने 4.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है। बिहार के लखीसराय जिले से मुख्य आरोपी बिनोद चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले का खुलासा करते हुए बिहार के लखीसराय जिले से आरोपी बिनोद चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर बोकारो के एक व्यक्ति से 4 लाख 74 हजार 630 रुपये की साइबर ठगी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार ठगी की रकम में से 3 लाख 9 हजार 630 रुपये आरोपी ने अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कराये थे। पूछताछ में उसने साइबर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

एक साल बाद लखीसराय से पकड़ा गया आरोपीः मामले में पीड़ित ने 3 जून 2025 को साइबर थाना में कांड संख्या 14/2025 दर्ज कराया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच और आरोपी की तलाश में जुटी थी। जांच के क्रम में पुलिस को आरोपी के बिहार के लखीसराय जिले के भेनौरा गांव में होने की जानकारी मिली। इसके बाद मुख्यालय डीएसपी सह साइबर थाना प्रभारी पवन कुमार ने टीम गठित कर बिहार भेजी। टीम ने शनिवार को छापेमारी कर बिनोद चौधरी को गिरफ्तार किया और उसे बोकारो लाया।

खाते में ट्रांसफर करायी थी 3.09 लाख की रकमः पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि साइबर ठगी से प्राप्त रकम में से 3 लाख 9 हजार 630 रुपये सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया स्थित उसके खाते में ट्रांसफर कराये गये थे। बाद में एटीएम के माध्यम से इस रकम की निकासी की गयी। पुलिस ने आरोपी की भूमिका और बैंक खाते से जुड़े लेन-देन की भी जांच की है।

पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजाः मुख्यालय डीएसपी सह साइबर थाना प्रभारी पवन कुमार ने शनिवार को कैंप दो स्थित कार्यालय में मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच के आधार पर आरोपी खाता धारक बिनोद चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने साइबर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि राजीव कुमार भगत, पुअनि प्रमोद कुमार पंडित, पुअनि धर्मेंद्र कुमार, पुअनि गौरव गोयल, पुअनि संत कुमार मेहता और आरक्षी अवध कुमार शामिल थे। पुलिस मामले में साइबर ठगी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## जेपीएससी-जेएसएससी विवादः एक हजार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**रांची :** जेपीएससी- जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ शुरू हुआ छात्रों का आंदोलन अब सड़क से निकलकर सियासी अखाड़े में पहुंच गया है। शुक्रवार को पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प के बाद तीन जिलों में 26 नामजद समेत करीब 1000 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।हजारीबाग में 700 अज्ञात लोगों पर केस हुआ है, जबकि गिरिडीह में 11 नामजद समेत 36 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

# लोहरदगा से लापता व्यवसायी विजय जायसवाल हजारीबाग से सुरक्षित बरामद

संवाददाता

**लोहरदगा :** शहर के मिशन चौक निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी विजय जायसवाल के लापता होने से पिछले करीब दो दिनों से परेशान जायसवाल परिवार को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। 21 अगस्त की सुबह घर से निकलने के बाद लापता हुए विजय जायसवाल को पुलिस की मदद से करीब 45 घंटे के भीतर हजारीबाग में सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। वर्तमान में वे हजारीबाग थाना पुलिस के पास सुरक्षित हैं, जिन्हे वहां से लाने के लिए परिवार के सदस्य रवाना हो गए हैं। इधर, विजय जायसवाल के सकुशल मिलने की खबर मिलते ही स्वजनों ने राहत की सांस ली। जायसवाल परिवार के अनुसार विजय जायसवाल 21 अगस्त की सुबह करीब नौ बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उन्हें बातें याद रखने में परेशानी होती है। ऐसे में उनके अचानक लापता होने के बाद परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। स्वजन लोहरदगा से लेकर रांची तक उनकी तलाश में जुटे थे और पुलिस से भी लगातार संपर्क बनाए हुए थे।भौगोलिक संदर्भ

लोहरदगा से रांची तक मिले थे सुरागः विजय जायसवाल के घर से निकलने के बाद उनकी गतिविधियों के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुराग सामने आए थे। सुबह करीब 9:22 बजे उन्हें लोहरदगा के बरवाटोली स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर के समीप सीसीटीवी कैमरे में देखा गया था। इसके बाद उनके टेंपो से भंडरा पहुंचने की जानकारी मिली। भंडरा से उन्होंने दूसरी टेंपो ली और रांची जिले के बेड़ो पहुंचे। इसके बाद नगड़ी की ओर जाने की बात सामने आई थी। खोजबीन के दौरान रांची के अरगोड़ा चौक पर भी उनके टेंपो से उतरने की जानकारी मिली थी। इसके बाद उनका धुर्वा के रास्ते में आवागमन की जानकारी मिलने के बाद आगे कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिल पा रहा था। परिवार के सदस्य लगातार संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रहे थे।





## चतरा के चांदनी होटल में सेक्स रैकेट खुलासा मामले में प्राथमिकी दर्ज

### मास्टरमाइंड महिला व चार युवतियों समेत 12 को भेजा गया जेल

संवाददाता

**चतरा :** जिला मुख्यालय के न्यू परिसदन भवन के सामने संचालित चांदनी होटल में देह व्यापार के रैकेट खुलासा मामले में सदर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में पांच युवतियों समेत कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में रैकेट की माइंड मास्टर संचालिका,देह व्यापार में शामिल युवक एवं युवतियों समेत अन्य शामिल है। पुलिस ने होटल से 10 मोबाइल, चार कमरों से आपत्तिजनक सामान, एक अपाची बाइक व एक लाल रंग की स्कूटी जब्त की। शनिवार को सदर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर छापामारी टीम गठित कर कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि अनैतिक कार्यों में संलिप्त होटल संचालक,उसकी पत्नी और संचालक के पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शहर में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो गयी है।इस संबंध में थाना कांड सं0-354/2026 दिनांक-21।08।2026 धारा-272/292/318(4)/338/336(2)/340(2) / 3 (5) बीएनएस-2023 एवं 3/4/5/7 अनैतिक व्यापार रोकथाम दर्ज किया गया है।



## बालिका सुरक्षा व समानता कार्यशाला में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, घंघरी में शनिवार को बालिका सुरक्षा एवं समानता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 10 वर्ष से अधिक आयु की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न विषयों पर खुलकर संवाद करते हुए अपने विचार साझा किए।

कार्यशाला में बालिका सुरक्षा, समानता, आत्मविश्वास, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, ऑनलाइन सुरक्षा तथा अच्छे और बुरे स्पर्श,वेश भूषा , पहनावा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय की सभी महिला शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं के साथ खुले मन से चर्चा की, जिससे छात्राओं ने बिना किसी संकोच के अपनी जिज्ञासाएं रखीं और उनका समाधान प्राप्त किया।मुख्य अतिथि श्रीमती गीता देवी ने बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, आत्मनिर्भर बनने और किसी भी असहज परिस्थिति में निडर होकर आवाज उठाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार गुप्ता ने छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता ही आत्मविश्वास और सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत है।कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती मनोरमा सिंहा की अहम भूमिका रही। उनके कुशल समन्वय से कार्यशाला प्रभावी एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुई। अंत में सभी छात्राओं ने स्वयं की सुरक्षा, सम्मान और समानता के प्रति सदैव सजग रहने का सामूहिक संकल्प लिया।



## झारखंड के छह जिलों में वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी



संवाददाता

**रांची :** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, झारखंड में आज मौसम का मिजाज फिर बदलने वाला है। बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसका असर राज्य के कुछ हिस्सों में देखने को मिल सकता है। रविवार को रांची में बादल छाये रहेंगे और कहीं-कहीं वज्रपात के साथ हल्की व मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने गढ़वा, पलामू, चतरा, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है। इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

पांच जिलों में भारी बारिश का अलर्टः वहीं, 24 अगस्त को गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग और लातेहार में वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है। शनिवार को सबसे अधिक लोहरदगा में पांच मिमी बारिश दर्ज की गयी। रांची में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। इस बीच झारखंड में अब भी सामान्य से 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है। एक जून से 22 अगस्त तक सामान्यतः 730.5 मिमी बारिश होती है।लेकिन, अब तक यहां 638.7 मिमी बारिश हुई है। जबकि, पांच जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई. इनमें पश्चिमी सिंहभूम में 41 प्रतिशत, सिमडेगा में चार, सरायकेला में पांच, रांची में तीन व खूंटी में पांच प्रतिशत अधिक बारिश हो गयी है।

25 और 26 अगस्त ऐसा रहेगा मौसमः झारखंड में 25 और 26 अगस्त को कई इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने 22 से 26 अगस्त तक खराब मौसम को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। इस दौरान लोगों को खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास जाने से बचने तथा आकाशीय बिजली के समय सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की गई है। तेज बारिश के कारण निचले इलाकों में जलजमाव और सड़कों पर फिसलन की स्थिति भी बन सकती है।

## तीन दिनों से लापता अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद



संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह पनारी पंचायत अंतर्गत गोसपुर गांव के मायापुर मध्य विद्यालय के समीप स्थित एक कुएं से शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। मृतक की पहचान सोहर यादव (65) पिता गिरधारी यादव के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, सोहर यादव पिछले करीब तीन दिनों से लापता थे।परिजन उनकी लगातार तलाश कर रहे थे। इसी दौरान मायापुर मध्य विद्यालय के समीप स्थित कुएं में छात्रों ने एक शव को तैरते देखा और तुरंत शिक्षकों को सूचना दी। शिक्षकों ने ग्रामीणों और हंटरगंज थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना एएसआई अजय कुमार महतो दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला।परिजनों ने बताया कि सोहर यादव को शराब पीने की आदत थी तथा उनका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता था।

## एनएच किनारे खड़े 35 बड़े वाहनों पर कार्रवाई, 23,750 जुर्माना

**बोकारो :** नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़े बड़े वाहनों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 35 वाहनों पर 23,750 रुपये का जुर्माना लगाया है। ट्रांसपोर्टरों की पार्किंग समस्या भी सामने आई है। पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े 35 बड़े वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 23,750 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग से बढ़ रहा हादसे का खतराः ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीतीश कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे के दोनों किनारों पर बड़े वाहनों के खड़े रहने से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। इससे वाहनों के आवागमन में परेशानी होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ड्राइव चलाया। आईटीआई मोड़ से पिंड्राजोरा बाजार तक चला अभियानः शनिवार को आईटीआई मोड़, जेल मोड़ से पिंड्राजोरा बाजार तक अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े 35 बड़े वाहनों का चालान काटा गया और 23,750 रुपये जुमार्ना वसूला गया। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से ट्रांसपोर्टरों की परेशानीः इधर, नगर क्षेत्र के ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि बड़े वाहनों के लिए शहर में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। प्रशासन से कई बार पार्किंग एरिया उपलब्ध कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चतरा में अलंकरण समारोह आयोजित

## विद्यार्थियों को सौंपी गई नेतृत्व की जिम्मेदारी अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का दिलाया संकल्प

संवाददाता

**चतरा :** जिले के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिमरिया में शनिवार को विद्यालय का अलंकरण समारोह गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी, आत्मविश्वास एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करना था।समारोह के दौरान विद्यालय के गर्ल्स कैप्टन, बॉयज कैप्टन, गर्ल्स स्पोर्ट्स कैप्टन एवं बॉयज स्पोर्ट्स कैप्टन का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को उनके पद की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों से अवगत कराया गया।चयनित विद्यार्थी में गर्ल्स कैप्टन के रूप में मुदसर परवीन,बॉयज कैप्टन के रूप मे अरमान अंसारी,गर्ल्स स्पोर्ट कैप्टन के रूप में आस्था रानी एवं बॉयज स्पोर्ट कैप्टन के रूप में हिमांशु कुमार का चयन किया गया।कार्यक्रम के दौरान गर्ल्स कैप्टन मुदशर परवीन ने चयनित विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने विद्यालय के नियमों का पालन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारियों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य मंटू कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करने का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और कर्तव्य का निर्वहन करने की भावना है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता के साथ विद्यालय के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक धीरज खलखो, विकास कुमार, पुष्पांजलि कुमारी एवं सुनंदनी यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के सहयोग एवं समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव विवाद : हाई-पावर्ड इलेक्शन सुपरवाइजरी कमेटी का अहम फैसला

# वोटों की गिनती प्रक्रिया के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर किसी प्रत्याशी को अयोग्य घोषित नहीं कर सकता

मेट्रो रेज संवाददाता




**रांचीः** झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव को लेकर चल रहे विवाद में हाई-पावर्ड इलेक्शन सुपरवाइजरी कमेटी ने एक अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता वाली इस समिति ने स्पष्ट किया है कि वोटों की गिनती प्रक्रिया के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर के पास नियमों के तहत किसी प्रत्याशी को अयोग्य ठहराने का अधिकार नहीं है। समिति में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस सुधांशु धूलिया (अध्यक्ष), पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस रवि शंकर झा और वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि शामिल थे।

चुनाव के दौरान महेश तिवारी को हुई थी सजाः झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव के उम्मीदवार अधिवक्ता महेश तिवारी को मतगणना के दौरान 30 मार्च 2026 को रांची के न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा आईपीसी की धाराओं (323, 341, 354, 504 और 506) के तहत सजा सुनाई गई थी। 21 अप्रैल 2026 को महेश तिवारी ने चुनाव जीतने के लिए निर्धारित कोटा हासिल कर लिया और उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया।

उम्मीदवारी रद्द कर प्रयाग महतो को किया गया था विजयी घोषितः आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए 24 अप्रैल 2026 को चीफ रिटर्निंग ऑफिसर ने महेश तिवारी की उम्मीदवारी रद्द कर दी और उनके स्थान पर प्रयाग महतो को विजयी घोषित कर दिया। रिटर्निंग ऑफिसर के फैसले के खिलाफ महेश तिवारी की अपील को हाई-पावर्ड इलेक्शन कमेटी ने 18 मई 2026 को खारिज कर दिया था।

मामला बीसीआई से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाः इसके बाद मामला बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) पहुंचा। बीसीआई ने 2 जून 2026 को एक सीट खाली रखने का अंतरिम आदेश देते हुए मामला इस सुपरवाइजरी कमेटी को भेज दिया। बीसीआई के इस रुख के खिलाफ प्रयाग महतो ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहां से 13 जुलाई 2026 को याचिका को इस समिति के पास भेज दिया गया।

मतगणना के दौरान अयोग्य ठहराने का अधिकार नहींः बार काउंसिल ऑफ इंडिया रूल्स 2023 के तहत रिटर्निंग ऑफिसर नामांकन के समय पर्चा खारिज कर सकता है, लेकिन एक बार नामांकन वैध स्वीकार होने के बाद वोटों की गिनती के दौरान किसी प्रत्याशी को अयोग्य ठहराकर बाहर नहीं कर सकता।

समिति ने यह भी नोट किया कि हाई-पावर्ड इलेक्शन कमेटी के आदेश के खिलाफ आवेदन सुनने या सीट खाली रखने का अंतरिम आदेश देने का अधिकार इउक के पास नहीं था। कमेटी ने 24 अप्रैल 2026 (आरओ का आदेश) और 18 मई 2026 के आदेशों को अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए रद्द कर दिया।

अंतिम फैसला इलेक्शन ट्रिब्यूनल करेगाः कमेटी ने आदेश दिया है कि चूंकि अब चुनाव परिणाम घोषित हो चुके हैं और महेश तिवारी को आपराधिक मामले में सजा मिल चुकी है, इसलिए उनकी सदस्यता की वैधता का फैसला केवल इलेक्शन ट्रिब्यूनल ही कर सकता है। बीसीआई को पूरा मामला ट्रिब्यूनल के समक्ष भेजने का निर्देश दिया गया है और अंतिम फैसले तक एक सीट को खाली रखने के आदेश दिए गए हैं।

# श्री राम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री बने अखिलेश

मेट्रो रेज



**रांचीः** श्री राम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति व केंद्रीय अध्यक्ष संत पीताम्बर महाराज ने सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय नामकुम निवासी अखिलेश कुमार को ट्रस्ट का राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया है। ट्रस्ट की ओर से 22 अगस्त 2026 को जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि अखिलेश कुमार की निरंतर सामाजिक सहभागिता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में अखिलेश कुमार ट्रस्ट के राष्ट्रीय स्तर पर संचालित अभियानों एवं सामाजिक कार्यों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनमें अन्नपूर्णा सेवा, गौ-सेवा, दिव्यांग सहायता एवं शिक्षा सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न राज्यों एवं जिलों में ट्रस्ट की नई शाखाओं व समितियों के गठन, उनके कार्यों में समन्वय तथा संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी भी होगी। ट्रस्ट ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संस्था के सेवा कार्यों का देशभर में विस्तार होगा और समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने का अभियान और मजबूत होगा।

## गोलमुरी में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पोल से टकराई, युवक की मौत

जमशेदपुर : गोलमुरी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की जान चली गई। पानी टंकी के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 37 वर्षीय सुशील शाह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, वह बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान किसी कारण उनका वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया और सीधे बिजली के पोल से जा टकराया। स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल: टक्कर के बाद सुशील शाह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल को ऑटो और पीसीआर वैन के जरिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद सुशील शाह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके पास से मिले पैन कार्ड के आधार पर उनकी पहचान की। फिलहाल शव को एमजीएम अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि बाइक के अनियंत्रित होने की वजह क्या थी।

## नगर निगम ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास से हटाया 15 अस्थायी ढांचा



संवाददाता

**रांचीः** राज्य की राजधानी रांची में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को निगम की इंफोर्समेंट टीम ने रांची वूमेंस कॉलेज, साइंस ब्लॉक मार्ग, परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक और बांधगाड़ी इलाके में अभियान चलाकर सड़क, फुटपाथ और सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई का खास फोकस शैक्षणिक संस्थानों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने पर रहा।

अतिक्रमण हटाए जाने के बाद आवागमन हुआ बेहतर : रांची वूमेंस कॉलेज और साइंस ब्लॉक मार्ग पर अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने 15 अस्थायी संरचनाएं हटाईं। इनमें चार काउंटर और दो टीन की दुकानें शामिल थीं। अभियान के दौरान अतिक्रमण में इस्तेमाल की जा रही अन्य सामग्री भी जब्त की गई। निगम टीम के मुताबिक, अतिक्रमण हटाए जाने के बाद इन मार्गों पर आवागमन बेहतर हुआ और जाम की स्थिति में कमी आई। एक मकान का छज्जा भी हटाया गयाः नगर निगम की टीम ने परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक के पास शास्त्री मार्केट में भी कार्रवाई की। यहां दुकानों के सामने सड़क और सार्वजनिक स्थान पर बनाए गए दो बड़े काउंटरों को हटाकर उनको जब्त किया गया। इसके अलावा वार्ड संख्या-6 के बांधगाड़ी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। निगम की टीम ने वहां चिन्हित दो स्थायी दुकानों को हटाया। एक मकान के छज्जे को भी हटाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# संतोष सोनी बने श्री स्वर्णकार दुर्गा पूजा समिति, इक्कीशो महादेव धाम के अध्यक्ष



महासचिव बने पंकज प्रसाद

मेट्रो रेज

**रांचीः** आज श्री स्वर्णकार दुर्गा पूजा समिति,इक्कीशो महादेव धाम चुटिया की एक बैठक रविन्द्र लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन सुरेश प्रसाद साहू ने किया । आहूत बैठक में श्री स्वर्णकार दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें संतोष कुमार सोनी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया, साथ ही श्री सोनी को आम सभा द्वारा अधिकृत किया गया कि वे समाज के सभी सक्रिय लोगों के साथ मिल कर पूरी कमेटी का विस्तार करेंगे। ताकि इस समाज के वैनर तले भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन को सफल बनाया जा सके । बैठक को नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष सोनी ने सम्बोधित करते हुए समाज के लोगों से आवाह्नन किया कि प्रतिष्ठा मूलक श्री स्वर्णकार दुर्गा पूजा समिति से जुड़ कर भव्य दुर्गा पूजा के आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग दे तथा स्वर्णकार समाज को पूरे झारखंड राज्य में एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करें। आज की बैठक में मुख्य रूप से सर्वश्री रविन्द्र लाल अधिवक्ता,सुरेश प्रसाद साहू, संतोष कुमार सोनी( अपर बाजार)संतोष कुमार सिन्हा अधिवक्ता,डा प्रेम कुमार सोनी, संजय कुमार,दिलीप कुमार साव,नीतीश कुमार, पवन कुमार बर्मन,संजीव कुमारं, अनुध बर्मन एवम संतोष कुमार सोनी के आलावे समाज के अन्य लोग उपस्थित थे, सभा के अंत मे श्री संजय सोनी के द्वारा उपस्थित समाजके सभी अग्रणी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समाज के सभी वर्गों के लोगो को आवाहन किया कि वे दुर्गा पूजा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले तथा दुर्गा पूजा को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे। सभा में यह भी घोषना की गयी कि उपरोक्त के अलावा समिति से अगर जुड़ना चाहे तो समाज के लोग अपना नाम और मो न इस ग्रुप में डाल दे उन्हें भी समानित तरीके से श्री स्वर्णकार दुर्गा पूजा समिति के साथ में जोड़ कर चलेगी। उपरोक्त जानकारी सभाध्यक्ष रविन्द्र लाल ने दी।

## रिम्स : एमबीबीएस में दाखिले से पहले होगी प्रमाणपत्र की जांच

रांची: एमबीबीएस में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों पर रिम्स इस बार विशेष सतर्कता बरतेगा। नामांकन से पहले विद्यार्थियों के जाति और आवासीय प्रमाण पत्रों की गहन जांच की जायेगी। इसके लिए रिम्स प्रबंधन ने विशेष कमेटी का गठन किया है। कमेटी में डीन, सब डीन के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे। यह कमेटी विद्यार्थियों के जाति और आवासीय प्रमाण पत्रों की जांच करेगी। प्रमाण पत्र में किसी भी तरह का संदेह होने पर संबंधित विद्यार्थी का नामांकन तत्काल आगे नहीं बढ़ाया जायेगा। प्रमाण पत्रों की जांच पूरी होने और उनके सही पाये जाने के बाद ही विद्यार्थी का नामांकन किया जायेगा।

**पिछले साल तीन विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था रद्द:** वर्ष 2025 बैच में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन लेने के तीन मामले सामने आये थे। इनमें दो एमबीबीएस विद्यार्थी काजल कुमारी और आशीष कुमार शामिल थे। वहीं, बीडीएस की छात्रा ओली विश्वकर्मा का जाति प्रमाण पत्र भी जांच में फर्जी पाया गया था। प्रमाण पत्र फर्जी मिलने के बाद तीनों का नामांकन रद्द कर दिया गया था। पिछले वर्ष के मामलों को देखते हुए RIMS प्रबंधन ने इस बार नामांकन प्रक्रिया में प्रमाण पत्रों की जांच को लेकर विशेष व्यवस्था की है। यदि किसी विद्यार्थी के प्रमाण पत्र पर संदेह होता है, तो उसके दस्तावेजों को एडमिशन कमेटी के समक्ष भेजा जायेगा। 2025 बैच के सभी विद्यार्थियों के प्रमाण पत्रों की भी जांच :रिम्स प्रबंधन एहतियात के तौर पर वर्ष 2025 बैच के सभी विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों की भी जांच करा रहा है। इसके लिए संबंधित प्रमाण पत्र उपायुक्तों के पास भेजे गये हैं, ताकि उनकी सत्यता की पुष्टि की जा सके।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर में हुआ भोग वितरण

मेट्रों रेज



**रांचीः** शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी प्रसाद वितरण किया गया।श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर के प्रांगण में माता रानी का प्रसाद महा भंडारे के रूप में वितरण किया गया और साथ ही प्रत्येक शनिवार की तरह इस शनिवार भी भोग वितरण किया गया। इसमें खिचड़ी, अचार, चीफ्स और आलू चोखा वितरण की गई। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह),सुनील यादव, विशाल कृष्णा,राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक अव अन्य उपस्थित थे।

उक्त जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

## मेसरा पंचायत के कल्याणी बस्ती के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

मेट्रो रेज



**रांचीः** आज सुबह 9:00 बजे झारखंड यूथ क्रांति संघ के तत्वावधान में मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह के कहे अनुसार कांके प्रखंड मेसरा पंचायत के कल्याणी बस्ती मे संगठन के संयोजक विशाल सिंह की अध्यक्षता में अनेक गरीब बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर संगठन के मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष नमित हेमरोम ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है साथ ही संगठन यह संपूर्ण कोशिश करेगी कि झारखंड के बच्चे शिक्षा के अभाव में ना रहे। संगठन संयोजक सूरज करकेट्टा एवं आकाश राणा ने भी बच्चों का मनोबल बढ़ाया । मौके पर संगठन के विशाल उपाध्याय, अभिषेक टोप्पो, शुभम कुमार,अजीत यादव, छोटू राज वर्मा,शंकर कुमार तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# रक्षा बंधन को लेकर रामगढ़ के प्रधान डाकघर में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव ने रविवार को भी किया राखी बुकिंग का काम

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** आज रविवार छुट्टी के दिन भी स्नेह, परस्पर विश्वास और जरूरतमंद की रक्षा करने के नैतिक संकल्प का बंधन रक्षा बंधन के पावन अवसर पर जिले के सभी डाकघरों में डाक प्राप्त किया गया । प्रधान डाकघर रामगढ कैन्ट में मेल प्रभारी जसमीना खातुन ने मेल प्राप्त कर सभी डाकघर में डाक भेजा।

आज रामगढ़ सब डिवीजन के सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान और पोस्टमास्टर मो जसीम खान सर के दिशानिर्देश पर प्रधान डाकघर में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्रधान डाकघर में राखी बुकिंग के लिए तटस्थ रहे।

मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने कहा कि भाई बहन के प्यार को जिन बहनों ने राखी को देश-विदेश के कोने कोने से भेजी है, उन्हें रक्षा बंधन के दिन तक किसी भी तरह हमारे जिले भर के पोस्टमेन भाई तक पहुँचा देंगे । हमारा उद्देश्य डाकघर के माध्यम से जन सेवा है।





आज मुख्य रूप से मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय,पवन कुमार, राजीव कुमार, विजय कुमार पांडेय, बबीता कुमारी, जसमीना खातुन, मो०हाशीब,राम कुमार मुंडा,सुकर मुंडा,रिशीकेष खन्ना, बिनोद कुमार राम, प्रदीप कुमार, सुनैना कमारी, आकास कुमार राम समेत जिले भर के पोस्टमास्टर, डाकघर सहायक, पोस्ट मैन, एम टी एस, ग्रामीण डाक सेवक ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची।
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
(द्वितीय निविदा)
(प्रथम निविदा का PR No.-374212 (25-26).D
टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–21/2026–27
दिनांकः–21.08.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Diversion Road of Singhmore- Latma- Hethu Road From Chariya toil to Chandaghasi Via Badkatoli Village (पुल कार्य सहित) ( कुल लम्बाई–2.380 कि0मी0) कार्य वर्ष 2025–26 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 1486.86131 लाख (रूपये चौदह करोड़ छियासी लाख छियासी हजार एक सौ एकतीस रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 14.87 लाख (रूपये चौदह लाख सतासी हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 13 (तेरह) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.08.2026 10.30 बजे पूर्वाहन |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 18.09.2026 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 21.09.2026 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *TenderOnline Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

PR 388208 Road Construction Dept Road Division Ranchi(26-27)D
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

न्यूज IN ब्रीफ

## बालिकाओं की शिक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य सशक्तिकरण के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**साहिबगंज :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निदेर्शानुसार दामिन जनता +2उच्च विद्यालय बरहेट में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना , डायन प्रथा डिजिटल साक्षरता, बाल संरक्षण,पोस्को एक्ट, गुड टच बैड टच मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह मुक्त भारत वं सखी वन स्टॉप सेंटर से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के अधिकार शिक्षा स्वास्थ्य मासिक धर्म स्वच्छता बाल विवाह की रोकथाम तथा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की स्थिति में सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता व सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही प्रायोजन योजना आफ्टर केयर फोस्टर केयर एवं 1098 और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।विद्यालय में किशोरियों से एक पेड़ बेटी के नाम लगवाया गया साथ ही किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरण किया गया। कार्यक्रम को संचालित कर बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, गैर संस्थागत देख रेख से चंदा कुमारी ने किशोरियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा स्वास्थ्य सशक्तिकरण के लिए जागरूक किया।मौके पर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन मो॰ इकबाल,बाल संरक्षण इकाई साहिबगंज के समाजिक कार्यकर्ता मीना कुमारी, संस्था के समाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार साह विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, शिक्षकगण तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## पुल के पास मरे हुए जानवर फेंकने से आक्रोश बजरंग दल ने दी चेतावनी



**साहिबगंज :** शहर के झरना कॉलोनी और स्टेडियम की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग स्थित फिल्टर हाउस के बगल वाले बड़े पुल के निचे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार मरे हुए जानवरों को फेंका जा रहा है। इस अमानवीय और गैर-जिम्मेदाराना हरकत के कारण पूरे इलाके में भारी आक्रोश व्याप्त है।इस गंभीर स्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए बजरंग दल के जिला प्रचार-प्रसार सह प्रमुख पंकज मंडल ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इस पर रोक नहीं लगाई गई तो बजरंग दल कड़ा कदम उठाने के लिए बाध्य होगा पंकज मंडल ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा कि बीमारी और महामारी का मंडराता खतरा खुले में मरे हुए जानवरों के सड़ने से पूरे क्षेत्र में असहनीय दुर्गंध फैल गई है।जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल हो गया है। साथ ही इसके आसपास फिल्टर हाउस होने के कारण पेयजल और स्वास्थ्य पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। धार्मिक भावनाएं आहत इस तरह सुनियोजित तरीके से एक खास मार्ग पर मरे हुए पशुओं को फेंका जाना जनभावनाओं को आहत करने और शहर का सौहार्द बिगाड़ने की गहरी साजिश हो सकती है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहा है। जबकि स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद की लचर व्यवस्था के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

बड़े पुल के पास फेंके गए सभी मरे हुए जानवरों को तत्काल प्रभाव से उठवाकर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाए।पूरे स्थल पर तत्काल ब्लीचिंग पाउडर और फिनाइल का छिड़काव करवाकर सैनिटाइजेशन किया जाए। इस घिनौनी हरकत को अंजाम देने वाले उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर तुरंत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## घाटजमनी में नौ दिवसीय शिव कथा पुराण में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घाटजमनी पंचायत स्थित नमामि गंगे घाट पर सावन माह की तीसरी सोमवारी से आयोजित नौ दिवसीय शिव कथा पुराण को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर रहे हैं।शिव कथा पुराण के शुभारंभ के अवसर पर 501 कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई थी। गाजे-बाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।वहीं शनिवार को शिव पुराण कथा के छठे दिन नमामि गंगे तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक धनंजय वैष्णव जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा और सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं धार्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया।धनंजय वैष्णव जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म सत्य संस्कार और आध्यात्मिकता का मार्ग दिखाता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सनातन धर्म से जुड़ने तथा अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए।शिव कथा पुराण के आयोजन को लेकर घाटजमनी पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में भी भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है।आयोजन के दौरान भगवान शिव के जयकारों से पूरा नमामि गंगे तट गूंजायमान से गूंज उठता है।कार्यक्रम को सफल बनाने मे रिसकेश चौरसिया राजीव कुमार रंजन,संतोष चौरसिया,पंकज चौरसिया सुजीत चौरसिया,अरुण चौरसिया सहित ग्रामीणों का काफी योगदान रहा।

# सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुविधाओं को लेकर उपायुक्त ने किया निरीक्षण

### समय पर चिकित्सकों स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति चिकित्सकों को यथासंभव जेनेरिक दवाएँ लिखने मरीजों की सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश

संवाददाता

**साहिबगंज :** नागरिकों को बेहतर सुलभ व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित विभिन्न विभागों वार्डों स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेते हुए मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

उपायुक्त ने अस्पताल के दंत विभाग ओपीडी एआरटी सेंटर वृद्धावस्था वार्ड, ट्रॉमा सेंटर शीत श्रृंखला-सह-टीकाकरण केंद्र, एक्स-रे कक्ष अल्ट्रासाउंड कक्ष सेप्टिक कक्ष बर्न वार्ड, पेइंग वार्ड, दवा वितरण केंद्र, पूछताछ केंद्र, जन औषधि केंद्र एवं दवा भंडार कक्ष सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं, दवा की उपलब्धता, साफ-सफाई, चिकित्सकीय व्यवस्था एवं आवश्यक संसाधनों की स्थिति की जानकारी ली।

समय पर अस्पताल पहुंचें चिकित्सक स्वास्थ्यकर्मी : उपायुक्त निरीक्षण के क्रम में उपाधीक्षक डॉ देवेश कुमार अपने कार्यालय ,अस्पताल में अनुपस्थित पाये गए। पूर्व में उप विकास आयुक्त के निरीक्षण क्रम में डॉक्टर देवेश कुमार अस्पताल में अनुपस्थित थे, साथ ही उन्हें 9:00 बजे पूर्वाह्न तक अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होने हेतू पूर्व में भी स्पष्ट निर्देश दिया गया था। उपायुक्त के द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि उपाधीक्षक को कारणपृच्छा निर्गत करें साथ ही कड़ी चेतावनी देते हुए इसकी पुनार्वृत्ति नही करने की हिदायत दी गई। डॉ मोहन मुर्मू आपातकालीन वार्ड में अनुपस्थित थे। जबकि आज उनकी ड्यूटी आपात कालीन सेवा में थी। उपायुक्त ने उनसे कारणपृच्छा करने हेतु निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को सख्त निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी निर्धारित समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना एवं रोस्टर के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली में अनुशासन एवं जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता



देने को कहा।

मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

उपायुक्त ने वार्डों का निरीक्षण करते हुए मरीजों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया। वार्ड के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीज के साथ उपस्थित परिचारक द्वारा भी अन्य बेड का उपयोग करते हुए पाया गया, जबकि अन्य जरूरतमंद मरीजों को बेड हेतु परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा सख्त हिदायत के साथ परिचारक द्वारा कब्जा किये गये बेड को खाली करवाने का निर्देश दिया गया एवं प्रतिदिन खाली एवं भर्ती बेड की विवरणी पंजी में संधारित कर सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने और आईपीआरडी के माध्यम से सोशल मीडिया में प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में ट्रामा सेंटर में एयर कंडीशन नहीं पाया गया जिस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला स्वस्थ्य समिति,अस्पताल प्रबंधन समिति के द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय के आलोक में जल्द से जल्द एयर कंडीशन नियमानुसार अधिष्ठापित करें तथा वार्डों में मरीज के साथ उपस्थित परिचारक हेतु कुर्सी या स्टूल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण के क्रम में अस्पताल द्वारा निर्गत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट काफी साधारण स्तर का पाया गया उसी दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज छोटू कुमार दास की माता प्रमिला देवी द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि तीन दिन प्रयास करने के बावजूद अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया, जबकि दिनांक 20 अगस्त को झूमावती अस्पताल में किया गया अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए 18 अगस्त व 19अगस्त सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड डियूटी पर प्रतिनियुक्त सभी चिकित्सकों एवं उपाधीक्षक को इस प्रसंग में कारणपृच्छा निर्गत करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। साथ ही जाँचोपरान्त जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

अस्पताल में उपलब्ध दवाएं जेनेरिक दवा ही पर्ची में लिखें

उपायुक्त ने दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण के क्रम में पाया कि चिकित्सक द्वारा स्पेसिफिक ब्रांड्स की दवा लिखा जा रहा है जो अस्पताल में उपलब्ध नहीं है और मरीजों को बाहर मेडिकल दुकान से क्रय करना पड़ रहा है। इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा सभी चिकित्सकों को यथासंभव जेनेरिक मेडिसिन लिखने, साथ ही उपाधीक्षक को जन औषधि केंद्र का प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश दिए। जन औषधि केंद्र में दवाओं की उपलब्धता काफी कम पाया गया, इस संबंध में उपायुक्त ने उपाधीक्षक को जिम्मेवार कर्मी आपूर्तिकर्ता से कारणपृच्छा करने का निर्देश दिया। साथ ही फामेर्सी में ही सभी आवश्यक दवाओं का स्टॉक रखने का निर्देश दिया गया। खराब पड़े पंखे तत्काल ठीक कराने का, बर्न वार्ड के बेडों का अधिकाधिक सुनिश्चित करने का ससमय बेडों का चादर बदलने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाला प्रत्येक मरीज बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं सम्मानजनक व्यवहार का हकदार है। अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मौजूदा कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश

निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने, मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## एक किलो का नवजात शिशु हुआ पूरी तरह से स्वस्थ : डॉ फरोग हसन



संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती एक किलो का नवजात शिशु को स्वस्थ होने के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया। दरअसल बिहार के कहलगांव निवासी इमरान खान की पत्नी रेशमा परवीन की नॉर्मल डिलीवरी कहलगांव के एक निजी अस्पताल में हुआ था। गर्भवती महिला का प्रशव 7 महीने में ही हो गया था। बच्चों की स्थिति काफी गंभीर थी जिसे निजी अस्पताल ने रेफर कर दिया। रेशम के पति इमरान खान ने बताया कि नवजात शिशु की स्थिति काफी गंभीर थी किसी ने बताया कि साहिबगंज जिले के सदर अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड में बेहतर और निशुल्क उपचार होता है। बिना वक्त गवाएं 29 जुलाई को जच्चा और बच्चा को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। लगातार 25 दिनों तक इलाज चलते रहा और नवजात का वजन बढ़कर एक किलो 400 ग्राम हो गया। बताया कि यहा इलाज शिशु रोग विशेषज्ञ फरोग हसन एवं एस एनसीयू इंचार्ज राजेश कुमार यादव के देखरेख में हुआ है। लंबा समय यहां बिताने के बाद बच्चा को स्वस्थ होने के बाद डॉक्टर से परमिशन लेकर डिस्चार्ज करवाया है। वही सदर अस्पताल की उपाध्यक्ष डॉक्टर दिवेश कुमार ने बताया कि निश्चित रूप से सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए एवं एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं के लिए आयुष्मान के तहत निशुल्क इलाज किया जाता है और कई प्रकार के भी इलाज निशुल्क हो रहा है। कई जिला से सदर अस्पताल में लोग इलाज करने आते हैं हमारी प्राथमिकता होती है कि कोई भी बिना इलाज कारण सदर अस्पताल से न लौटे।

## राज्यपाल तक पहुंचा शहरी जलापूर्ति योजना का मामला

**साहिबगंज :** साहिबगंज की शहरी जलापूर्ति योजना का मामला अब राज्यपाल तक पहुंच गया है।इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले समाजसेवी सिधेश्वर मंडल ने रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर उन्हें योजना से जुड़ी वर्तमान स्थिति,न्यायालय में चल रही कार्रवाई और संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच-पड़ताल की प्रक्रिया से अवगत कराया।मुलाकात के दौरान सिधेश्वर मंडल ने राज्यपाल को पूरे मामले से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा और शहरी जलापूर्ति योजना की स्थिति तथा उससे जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने मामले में आवश्यक पहल एवं उचित कार्रवाई की दिशा में ध्यान आकृष्ट कराया।इससे पूर्व समाजसेवी सिधेश्वर मंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।वही शहरी जलापूर्ति योजना से जुड़ा मामला न्यायालय की प्रक्रिया के साथ अब राजभवन तक पहुंचने से स्थानीय स्तर पर इसकी चर्चा तेज हो गई है।इस अवसर पर गायक जय प्रकाश सिंह भी मौजूद थे।

## सीआईडी जांच जेपीएससी एक और दो तक पहुंच रही : पंकज मिश्रा



संवाददाता

**साहिबगंज :** झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर छात्रों के मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के साथ खड़ी है और उनकी मांगों को गंभीरता से लिया गया है। जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर सीआईडी जांच जारी है और जांच अब जेपीएससी-1 व 2 तक पहुंच रही है।पंकज मिश्रा ने कहा कि भाजपा सीबीआई जांच की मांग कर रही है,जबकि पूर्व की जेपीएससी परीक्षाओं की सीबीआई जांच में कितनी गिरफ्तारियां और कार्रवाई हुई,इसका जवाब भाजपा को देना चाहिए।उन्होंने कहा कि मौजूदा सीआईडी जांच में कई लोगों को जेल भेजा गया है,जिससे भाजपा नेता परेशान हैं।उन्होंने भाजपा पर छात्रों की आड़ में राजनीति करने और आंदोलन के दौरान बाहरी लोगों को बुलाकर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। कहा कि सरकार उच्चतम न्यायालय में 15 सितंबर को अपना पक्ष मजबूती से रखेगी।पंकज मिश्रा ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता आंदोलनकारी हैं,लेकिन लाठी-डंडे की राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने केंद्र के खनन विधेयक को लेकर भी भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाया।कहा कि सात सितंबर से प्रखंड मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन कर गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।मौके पर विधायक धनंजय सोरेन,जिला अध्यक्ष अरुण सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान,संजय मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।

# बाढ़ की संभावित स्थिति को लेकर उपायुक्त ने गंगा घाटों का किया औचक निरीक्षण


### सुरक्षा एवं राहत-बचाव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश


संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे ने विभिन्न गंगा घाटों का औचक निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर बाढ़ पूर्व तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ठाकुरबाड़ी घाट, पुरानी साहिबगंज एवं शकुंतला सहाय घाट सहित विभिन्न घाटों का भ्रमण किया। उन्होंने घाटों पर जलस्तर की स्थिति आवागमन सुरक्षा व्यवस्था तथा संभावित बाढ़ की स्थिति में आमजनों की सुरक्षा एवं राहत-बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि गंगा के



जलस्तर एवं संभावित बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों व व्यवस्थाओं को पूरी तरह तैयार रखें।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निचले व दियरा क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा आमजनों को समय-समय पर जलस्तर एवं संभावित खतरे की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, राहत एवं बचाव कार्यों को तत्काल प्रभाव से संचालित करने तथा सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने अपर समाहर्ता अंचलाधिकारी सदर को तत्काल साहिबगंज नगर क्षेत्र अंतर्गत प्रभावित लोगों हेतु विभिन्न परिसर वाटरप्रूफ टेंट पेयजल खाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया साथ ही प्रभावित मवेशियों हेतु चारे का प्रबंध करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया प्रभावी प्रबंधन के लिए पूर्व तैयारी ही सबसे महत्वपूर्ण है।किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। साथ ही संभावित प्रभावित क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग कराना एवं नावों की व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में आमजनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग, चेतावनी एवं सुरक्षा संबंधी उपायों को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। जिला प्रशासन साहिबगंज संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा आमजनों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं।





शत्रुघ्न सिन्हा ने दिया बड़ा हिंट

# सोनाक्षी करेंगी पॉलिटिक्स में एंट्री?

**सोनाक्षी** सिन्हा इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोलिंग को लेकर चर्चा में हैं। अब उनके पिता और दिग्गज अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा बेटी के बचाव में खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने दावा किया कि सोनाक्षी को सोशल मीडिया पर निशाना बनाना कोई सामान्य ट्रोलिंग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी मुहिम का हिस्सा है। शत्रुघ्न ने इसके पीछे BJP IT सेल का हाथ होने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने सोनाक्षी के भविष्य में राजनीति में कदम रखने की संभावना पर भी बड़ा संकेत दिया है।दरअसल, झारखंड में चल रहे छात्र प्रदर्शनों को लेकर सोनाक्षी सिन्हा की चुप्पी पर सोशल मीडिया पर सवाल उठाए जा रहे थे। लोगों का कहना था कि अभिनेत्री ने पहले कई सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय रखी है, लेकिन इस मामले में उन्होंने कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा। हालांकि, शत्रुघ्न सिन्हा ने बेटी का बचाव करते हुए कहा कि सोनाक्षी को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। शत्रुघ्न सिन्हा ने दावा किया कि सोनाक्षी के खिलाफ चल रही ट्रोलिंग 'मैन्युफैक्चर्ड' यानी बनाई गई मुहिम है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे BJP IT सेल की भूमिका है और कुछ लोग पैसे लेकर सोनाक्षी को निशाना बना रहे हैं। हालांकि, यह शत्रुघ्न सिन्हा का आरोप है और [illegible] सेल की ओर से इस आरोप की पुष्टि इस रिपोर्ट में नहीं की गई है। इसलिए इसे आरोप के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

### बेटी की चुप्पी पर पिता ने दी सफाई

सोनाक्षी की आलोचना इस वजह से भी हुई कि उन्होंने झारखंड के मौजूदा छात्र आंदोलन पर खुलकर अपनी बात नहीं रखी। वहीं शत्रुघ्न ने याद दिलाया कि उनकी बेटी पहले भी कई सामाजिक मुद्दों पर अपनी आवाज उठा चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोनाक्षी ने NEET पेपर लीक से जुड़े प्रदर्शनों और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन जैसे मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। ऐसे में शत्रुघ्न का कहना है कि किसी एक मुद्दे पर सोनाक्षी के चुप रहने का मतलब यह नहीं है कि वह सामाजिक मामलों से दूर हैं। बात सिर्फ ट्रोलिंग तक सीमित नहीं रही। शत्रुघ्न सिन्हा ने सोनाक्षी के राजनीति में आने की संभावनाओं को लेकर भी संकेत दिया है। उन्होंने इस संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया। सोनाक्षी के लिए राजनीति कोई बिल्कुल अनजानी दुनिया भी नहीं है। आखिर उनके पिता खुद लंबे समय से फिल्मी दुनिया के साथ राजनीति में सक्रिय रहे हैं। ऐसे में अब शत्रुघ्न के बयान के बाद एक बार फिर यह सवाल उठने लगा है कि क्या आने वाले समय में सोनाक्षी भी राजनीति में कदम रखेंगी?

### पिता की तरह राजनीति में आएंगी सोनाक्षी?

सोनाक्षी ने अभी तक राजनीति में एंट्री को लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। इसलिए फिलहाल उनके राजनीतिक करियर को लेकर किसी भी तरह की पुष्टि करना जल्दबाजी होगी। लेकिन शत्रुघ्न सिन्हा का ताजा बयान इस चर्चा को जरूर हवा दे रहा है। खासकर तब, जब सोनाक्षी पहले भी सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय रखने के लिए जानी जाती रही हैं। शत्रुघ्न सिन्हा अपनी बेटी के समर्थन में पहले भी कई बार बोलते रहे हैं। उनका मानना है कि सोशल मीडिया पर किसी सेलिब्रिटी को निशाना बनाना बेहद आसान हो गया है और कई बार ट्रोलिंग के पीछे वास्तविक मुद्दे से ज्यादा राजनीतिक या व्यक्तिगत एजेंडा काम करता है। सोनाक्षी की शादी और उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं होती रही हैं। ऐसे में शत्रुघ्न अक्सर बेटी के साथ मजबूती से खड़े नजर आए हैं।

# फिल्मों ने सिखाया अनजान चीजों से डरना नहीं, प्यार करना जरूरी : कियारा आडवाणी

**अभिनेत्री** कियारा आडवाणी बहुप्रतिक्षित भारतीय एक्शन-ड्रामा फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में एक परतदार और बोल्ड सर्कस कलाकार का किरदार निभा रही हैं। बुधवार को अभिनेत्री ने अभिनय की दुनिया के अनुभव के बारे में बताया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की मेकिंग के दौरान की अपनी एक दिलचस्प तस्वीर शेयर की। तस्वीर में, एक्ट्रेस पानी से भरे एक बड़े, ट्रांसपेरेंट, कटोरे जैसे टैंक के अंदर आराम करती दिख रही हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि फिल्म ने उन्हें उनके कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला और अनजान चीजों को अपनाना और रास्ते में नई स्किल्स सीखना सिखाया।



अभिनेत्री ने लिखा, 'फिल्में हमें ऐसी दुनिया में ले जाती हैं, जिसे हम कभी जानते ही नहीं, कभी-कभी तो सचमुच हर नया किरदार, नया सेट और क्रेजी चैलेंज आपको कुछ ऐसा सिखाता है, जिसके बारे में आपको पता नहीं होता है कि आप इसके काबिल भी हैं कि नहीं। ' अभिनेत्री ने बताया कि फिल्मों ने उन्हें काफी सारी बातें सिखाई हैं। उन्होंने लिखा, 'फिल्मों ने मुझे अनजान चीजों के साथ कम्फर्टेबल, क्यूरियस, सीखते रहना और इन सबके एडवेंचर में खुशी ढूंढना सिखाया। क्योंकि मेरे लिए, ग्रोथ हमेशा उन चीजों के लिए हाँ कहने के बारे में रही है जो आपको थोड़ा डराती हैं और उसके बाद के सफ़र को पसंद करने के बारे में। ' उन्होंने आगे लिखा, 'यह नई स्किल्स, नए एडवेंचर और उस तरह के पैशन के लिए है जो आपको बार-बार इसमें कूदने के लिए तैयार रखता है। अभिनेत्री कियारा आडवाणी आगामी पैन-इंडिया गैंगस्टर फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोवन-अप्स' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी, जहां वह 'नादिया' नाम की एक सर्कस परफॉर्मर का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सुपरस्टार यश के साथ है।

रुबीना दिलैक ने याद किया 'खतरों के खिलाड़ी' का सफर, बोलीं-

# 'हर दिन लगता था कि अब आगे क्या होगा?'

**टीवी** की दुनिया में रुबीना दिलैक अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। छोटे पर्दे पर डांस से लेकर खतरनाक स्टंट तक, उन्होंने हर जगह अपनी क्षमता दिखाई है। इस कड़ी में उन्होंने बुधवार को अपने पुराने स्टंट रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' से जुड़ी यादों को सोशल मीडिया पर साझा किया है। रुबीना ने शो के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो एक साथ शेयर किए। इनमें उनके स्टंट, दोस्तों के साथ बिताए पल और शो के दौरान उनका अलग अंदाज देखने को मिला। रुबीना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें तस्वीरें और कुछ छोटे-छोटे क्लिप्स शामिल हैं। इस वीडियो में वह अलग-अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वह ओरी और जैस्मिन भसीन के साथ मस्ती करती दिखाई दे रही हैं। वहीं कुछ वीडियो में वह शो के मुश्किल स्टंट करती नजर आती हैं। पोस्ट में उनका फैशन स्टाइल भी देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों के साथ रुबीना ने लिखा, ''हर दिन इस सवाल के साथ भरा होता था कि अब आगे क्या होगा, लेकिन हमारे दिल हंसी, खुशी के आंसुओं और डर से भरे रहते थे। 'खतरों के खिलाड़ी' ऐसा रियलिटी शो है, जिसमें मनोरंजन की दुनिया से जुड़े सितारे अपने डर का सामना करते हैं। शो में कंटेस्टेंट्स को ऐसे स्टंट दिए जाते हैं, जिनमें कई बार ऊंचाई, पानी, रफ्तार और अलग-अलग तरह की मुश्किल परिस्थितियां शामिल होती हैं। हर स्टंट के दौरान कलाकारों को अपने डर पर काबू पाना पड़ता है। यही वजह है कि शो में सिर्फ शारीरिक ताकत ही नहीं, बल्कि हिम्मत और दिमाग का इस्तेमाल भी जरूरी होता है। भारत में इस शो की शुरुआत 'फियर फैक्टर इंडिया' के नाम से हुई थी। बाद में इसे 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी' नाम मिला। शो का पहला सीजन 21 जुलाई 2008 को आया था। साल 2020 में इसका स्पिन-ऑफ 'खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया' भी शुरू किया गया था। शो के पिछले सीजन यानी 'खतरों के खिलाड़ी 14' की शूटिंग रोमानिया में हुई थी। इस सीजन के विजेता करणवीर मेहरा रहे थे, जबकि कृष्णा श्रॉफ रनर-अप बनी थीं।



क्या आपको बीफ पसंद आया?':केरलम में एक्ट्रेस मालविका शर्मा से पूछा गया सवाल तो हुईं अनकम्फर्टेबल, बोलीं-

# मैं शाकाहारी हूं

एक्ट्रेस मालविका शर्मा हाल ही में केरलम में एक रिपोर्टर के सवाल से असहज हो गईं, जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें बीफ पसंद आया। जिस पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाकाहारी हैं। रिपोर्टर के सवाल को लेकर सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने नाराजगी जताई। दरअसल एक्ट्रेस मालविका शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म 'खलीफा' के प्रमोशन के दौरान केरलम में मीडिया से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान उनसे पूछा गया कि केरलम में उन्हें कौन सा खाना पसंद आया? जिस पर उन्होंने कहा कि मुझे बहुत सारा खाना चखने का समय नहीं मिला, लेकिन आमतौर पर मुझे लगता है कि मैंने काफी सारा चावल, ग्रेवी और करी जैसी चीजें खाई हैं।





जिम के दीवाने हैं अभिनेता अनुपम खेर, बोले-


# वर्कआउट करना बहुत अच्छा लगता है

**अभिनेता** अनुपम खेर अपने काम के साथ-साथ फिटनेस को लेकर भी काफी सक्रिय रहते हैं और नियमित रूप से जिम जाते हैं। बुधवार को अभिनेता ने वर्कआउट की कुछ झलकियां शेयर कीं। अभिनेता अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर जिम से ली गई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें जिम जाना और वर्कआउट करना बेहद पसंद है। अभिनेता ने लिखा, 'मुझे जिम जाना, वर्कआउट करना बहुत अच्छा लगता है और वर्कआउट के बाद ऐसे खड़े होकर फोटो खिंचवाना तो सबसे अच्छा लगता है! मेहनत भी जरूरी है और उसका फोटोग्राफी प्रमाण भी।' अभिनेता द्वारा पोस्ट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। कई यूजर्स को अभिनेता की फिल्में प्रभावित तो करती ही हैं लेकिन उनकी फिटनेस भी युवाओं को आकर्षित करती है। वे न केवल बड़े पर्दे पर अपनी एक्टिंग से लोगों को इंस्पायर करते हैं, बल्कि असल जिंदगी में भी सोशल मीडिया और शोज के जरिए लोगों को मोटिवेट करते रहते हैं और अक्सर सोशल मीडिया के जरिए बड़े मुद्दों पर अपनी बात रखने से पीछे नहीं हटते हैं। अभिनेता अनुपम खेर की बात करें, तो उन्होंने हाल ही में दो फिल्म 'खोसला का घोसला-2' और सूरज बड़जात्या की आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' की शूटिंग खत्म की है।



# दिशा बनीं 'आवारापन 2' की पहली पसंद

अगर हाल के दिनों में सिनेमाघरों में किसी फिल्म ने सबसे ज्यादा हलचल मचाई है, तो वह 'आवारापन 2' है। पहली बार इमरान हाशमी और दिशा पाटनी की जोड़ी को एक रोमांटिक ड्रामा में साथ लाने वाली यह फिल्म अपनी शानदार कहानी के साथ-साथ दोनों कलाकारों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के लिए भी चर्चा में है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच निर्माता विशेष भट्ट ने बताया कि उन्होंने दिशा पाटनी को फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर क्यों चुना। उन्होंने कहा कि दिशा का अब तक का सफर उन्हें इस किरदार के लिए बिल्कुल सही बनाता था। विशेष भट्ट कहते हैं, 'इमरान और दिशा को स्क्रीन पर साथ देखना दिलचस्प है, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि इससे पहले दोनों को एक साथ देखा गया है। दिशा का अपना एक अच्छा काम है। मैंने उन्हें मोहित के साथ 'मलंग'



# कार्तिक ने लॉन्च किया डोपामिन स्टूडियोज़

### कबीर खान की प्रेरणादायक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म के साथ बने निर्माता

**मुंबई** कार्तिक आर्यन ने अभिनय से आगे बढ़ते हुए अपने प्रोडक्शन बैनर डोपामिन स्टूडियोज़ की शुरुआत की है। यह बैनर अब मशहूर फिल्म निर्देशक कबीर खान के साथ उनकी आगामी फिल्म से आधिकारिक रूप से जुड़ गया है। यह अभी तक बिना शीर्षक वाली फिल्म कार्तिक और कबीर खान की 2024 की बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा 'चंदू चैंपियन' के बाद दूसरी साझेदारी है। गौरतलब है कि 'चंदू चैंपियन' भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित थी, जिसके लिए कार्तिक को हाल ही में भारत के 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान मिला है। असाधारण सच्ची घटना से प्रेरित इस फिल्म में कार्तिक एक किकबॉक्सिंग कोच की भूमिका निभा रहे हैं, जो कश्मीर की एक युवा लड़की के सफर को दिशा देने में मदद करता है। माना जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी युवा कश्मीरी एथलीट तजामुल इस्लाम के जीवन से प्रेरित है, जिन्होंने किकबॉक्सिंग चैंपियन के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। कहानी सुनने के बाद से ही कार्तिक इससे इस कदर गहराई से जुड़ गए कि इसकी भावनात्मकता, संघर्ष, दृढ़ता और जज्बे से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाए। इसी जुड़ाव के चलते उन्होंने फिल्म में अभिनय करने के साथ ही डोपामिन स्टूडियोज़ के माध्यम से निर्माता के रूप में भी जुड़ने का

# अमेरिका की अब ईरान के खिलाफ आर्थिक युद्ध की तैयारी, तेहरान का पड़ोसियों से साथ न देने का आग्रह

एजेंसी

**तेहरान/वाशिंगटन :** होर्मुज जलडमरूमध्य पर वर्चस्व को लेकर अमेरिका और ईरान के खिलाफ छिड़ा युद्ध अब और आक्रामक होने वाला है। अमेरिका की बड़े आर्थिक युद्ध की चेतावनी से ईरान में हाहाकार जरूर मच गया है पर वह झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। ईरान ने अपने पड़ोसी देशों को आगाह किया है। उसने इन देशों को चेताया कि अगर किसी ने इस मोर्चे पर अमेरिका का साथ दिया तो उसे ईरान का दुश्मन माना जाएगा। ऐसे देशों के खिलाफ दुश्मन की तरह ही कार्रवाई की जाएगी। अमेरिका सोमवार को बड़े कदमों की घोषणा कर सकता है। वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट अमेरिका की योजना का खुलासा करेंगे। इस साल 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से लगभग छह महीने की लड़ाई के बावजूद, दोनों पक्ष इस समय एक-दूसरे पर गोलीबारी तो नहीं कर रहे हैं, लेकिन शांति वार्ता की दिशा में



आगे बढ़ने के कोई संकेत भी नहीं दे रहे हैं। होर्मुज में तेल की ढुलाई लगभग ठप हो गई है। तेहरान ने इस अहम जलमार्ग से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी अनधिकृत तेल टैंकर पर हमला करने की धमकी दी है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही प्रतिबंधों की वजह से भारी दबाव में है। अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईरान पर ₹इतिहास की सबसे सख्त पाबंदियां₹ लगाने की घोषणा कर सकते हैं। बेसेंट ने चीन से भी वाशिंगटन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है। एनालिटिक्स फर्म 'केप्लर' के 2025 के आंकड़ों के अनुसार, चीन , ईरान से निर्यात होने वाले तेल का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा खरीदता है। अरब न्यूज, द न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने पड़ोसी देशों को अमेरिका के आर्थिक युद्ध में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी देते हुए तेल मार्गों पर कार्रवाई की धमकी दी है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मोहसिन रेजाई ने कहा कि तेहरान ऐसे देशों को निशाना बनाएगा। रेजाई ने कहा कि ईरान उन देशों को भी जवाब देगा जिन्होंने अमेरिका को देश पर आर्थिक युद्ध थोपने में मदद की। रेजाई की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के खिलाफ सबसे कड़ी आर्थिक कार्रवाई की योजना की घोषणा के बाद आई है। ट्रंप ने तेहरान को वित्तीय या अन्य सहायता देने वाले देशों को भी गंभीर आर्थिक नतीजे भुगतने की धमकी दी है। रेजाई ने स्थानीय समयानुसार शनिवार को सरकारी प्रसारक आईआरआईबी को दिए साक्षात्कार में कहा कि हमारे सभी पड़ोसी अमेरिका के साथ आर्थिक युद्ध में शामिल न हों, वरना हम उन्हें दुश्मन मानेंगे। उन्होंने कहा कि अगर पड़ोसी देशों ने सलाह नहीं मानी तो ईरान फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल निर्यात रोक सकता है। उन्होंने कहा कि तेल की एक भी बूंद बाहर नहीं जाने दी जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल में कहा कि नए प्रतिबंधों में ईरान की आर्थिक जीवनरेखा माने जाने वाली सुविधाओं (तेल तस्करी नेटवर्क, वित्तीय हस्तांतरण, एक्सचेंज हाउस, जहाज पंजीकरण और फ्रंट कंपनियों) को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा, ₹ यह एक 'इकोनॉमिक डी-डे' होगा। ईरान को अलग-थलग करने और हराने के लिए हमें अपने सभी सहयोगियों की जरूरत है कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ खड़े हों।₹ उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु शक्ति बनने का सपना त्यागना होगा। हथियार नहीं रखने दिया जाएगा। इस पर रेजाई ने कहा कि ट्रंप ने वैश्विक परमाणु सुरक्षा को मजबूत करने के बजाय परमाणु असुरक्षा पैदा कर दी है। उन्होंने दावा किया कि तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के कदमों से देशों की परमाणु हथियार हासिल करने में दिलचस्पी बढ़ी है। ईरान के उपराष्ट्रपति (प्रथम) मोहम्मद रजा अरेफ ने ट्रंप के आर्थिक युद्ध शुरू करने की धमकी देने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंध ईरानी लोगों के संकल्प को नहीं बदल पाएंगे। ईरान के विदेशमंत्री सैयद अब्बास अरागची ने भी ट्रंप की इसके लिए आलोचना की है। इस बीच बाल्कन देश बुल्गारिया ने कहा कि ईरान की नाराजागी के बीच दो अमेरिकी टैंकर विमान ((केसी-135) बुल्गारिया से रवाना हो गए हैं। बुल्गारिया के रक्षामंत्री दिमितार स्टोयानोव ने बताया कि दो अमेरिकी टैंकर विमान बुल्गारिया के बेजमर एयरबेस से रवाना हो गए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने शनिवार को कहा कि अमेरिका की आसन्न घोषणा ₹संयुक्त राष्ट्र के हर स्वतंत्र सदस्य देश पर अतिरिक्त क्षेत्रीय संप्रभुता थोपने जैसा है।₹ उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹अंतरराष्ट्रीय कानून में ऐसी 'सेकेंडरी' पाबंदियों का कोई आधार नहीं है। इससे पहले ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कहा कि ईरान दुश्मन की धमकियों का सैन्य रूप से करारा, दंडात्मक और विनाशकारी जवाब₹ देगा।

## मीरजापुरः अहरौरा में 24 करोड़ की योजना से बदलेगी जल निकासी व्यवस्था

एजेंसी

**मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में अहरौरा नगर क्षेत्र में जल निकासी की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में पहल तेज हो गई है। नगर से निकलने वाले दूषित पानी के उचित निस्तारण के लिए करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के प्रयास से तैयार प्रस्ताव को शासन की स्वीकृति के लिए भेजा गया है। योजना के तहत नगर क्षेत्र से निकलने वाले गंदे पानी को एक विशेष ड्रेन नाले के माध्यम से एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। यहां पानी का शोधन करने के बाद उसका सुरक्षित निस्तारण किया जाएगा। इससे जहां नगर में गंदे पानी के जमाव और जल निकासी की समस्या कम होगी, वहीं आसपास के किसानों को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज हवा के साथ बरसा पानी, 25 राज्यों को चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश के कई राज्यों के कुछ हिस्सों में मानसून फिर पूरी रफ्तार से सक्रिय है। इससे मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ी राज्यों तक मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में आज सुबह लगभग साढ़े चार बजे से बारिश हो रही है। बारिश के साथ तेज हवा भी चल रही हैं। भारत मौसम एवं विज्ञान विभाग ने आज दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर और मध्य भारत के कई राज्यों में भारी बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में आसमान में बादलों का डेरा है। विभाग ने कहा कि इन स्थानों पर ठंडी हवाओं के साथ दिनभर जोरदार बारिश होने की पूरी संभावना है।इससे तापमान में भारी गिरावट आएगी और लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी। मौसम एवं विज्ञान विभाग के अनुसार, आज देश के 25 राज्य उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम और नागालैंड में भारी बारिश-आंधी आने का पूर्वानुमान है। मैदानी राज्यों में उत्तर प्रदेश और बिहार के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश होगी। उत्तर प्रदेश और बिहार के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के भी कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बरसात होने का अनुमान जताया गया है। बारिश ने पहाड़ी राज्यों में मुश्किलें काफी बढ़ा दी हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में लगातार हो रही बारिश की वजह से जमीन धंसने और पहाड़ों पर लैंडस्लाइड (भूस्खलन) का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों और संपर्क मार्गों पर चट्टानें गिरने के कारण कई जगहों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। इससे सैकड़ों पर्यटक और स्थानीय लोग रास्ते में ही फंस गए हैं।

## पूर्वी जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप, राजधानी टोक्यो में लगे झटके, पहले बरसा पानी

एजेंसी

**टोक्यो (जापान) :** देश के पूर्वी जापान में आज रात दो बजे के बाद तड़के राजधानी टोक्यो समेत कई जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 दर्ज की गई। देश की मौसम एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप इबाराकी प्रांत में 70 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने इसकी शुरूआती तीव्रता 5.8 मापी। इससे एक दिन पहले राजधानी को मूसलाधार बारिश का सामना करना पड़ा। जापान टुडे और द जापान न्यूज की रिपोर्ट



के अनुसार, अभी तक भूकंप में ना तो किसी के घायल होने की सूचना है। ना ही किसी प्रकार की क्षति हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने एक्सा पर कहा कि सरकार संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए एक टास्क फोर्स बना रही है। भूकंप के कारण मोबाइल फोन पर आपात संदेश भी आए। बताया गया है कि इसके बाद टोक्यो में लगभग 460 घरों में बिजली गुल हो गई। पिछले महीने, जापान के सबसे दक्षिणी द्वीप क्यूशू के कुमामोटो इलाके में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इससे 38 लोगों की मौत हो गई थी और 364 लोग घायल हो गए थे। इस भूकंप से 1,500 से ज्यादा इमारतें जमींदोज हो गई थीं और लगभग 20,000 अन्य इमारतों को नुकसान पहुंचाा था। इससे पहले शनिवार दोपहर टोक्यो और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई जगहों पर सड़कों पर पानी भर गया। इनमें इटाबाशी वार्ड भी शामिल है। इस वार्ड में प्रति घंटे 120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने टोक्यो और कांटो के लिए बाढ़ और कुछ समय के लिए लेवल चार की इमरजेंसी वॉर्निंग जारी की। चेतावनी वापस लेने से पहले सड़कें तालाब बन गईं। इससे पहले इसी माह पड़ोसी चिबा प्रान्त और पूर्वी जापान के कुछ हिस्सों में अभूतपूर्व बारिश हो चुकी है।

## असम में बाढ़ का प्रभाव 78 गांवों तक सिमटा

एजेंसी

**गुवाहाटी :** असम में बाढ़ से हालात बहुत हद तक सामान्य हो गए। बाढ़ का प्रभाव 6 जिलों के 78 गांवों तक सिमट गया है। सरकार नुकसान का आकलन कराने के लिए सर्वे करवा रही है। इस जिले में सबसे अधिक मकानों को नुकसान पहुंचा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 22 अगस्त के आंकड़ों के अनुसार सभी नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रहीं है। बाढ़ में 106 लोगों की जान गई है।

बाढ़ प्रभावित छह जिलों में शिवसागर, जोरहाट, धेमाजी, नगांव, कछार एवं गोलाघाट शामिल हैं। इन जिलों के 13 राजस्व मंडलों के कुल 78 गांव



प्रभावित हैं। राज्य की कुल 12031 आबादी अभी भी प्रभावित है। 2994 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है। राहत शिविरों की संख्या भी घटकर पांच हो गई है। राहत वितरण केंद्र 6 हैं। शिविरों में 162 लोग आश्रय लिए हुए हैं। राहत वितरण केंद्रों पर 900 गैर-शिविर निवासी राहत प्राप्त कर रहे हैं। राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित इलाकों में सड़क, पुल एवं अन्य आधारभूत ढांचे के नुकसान का आकलन करवा रही है। प्रभावितों की मदद के लिए आर्थिक एवं अन्य सामग्री भी मुहैया कराई जा रही है।

# मध्य प्रदेश के 14 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, नर्मदापुरम-जबलपुर और चंबल संभाग में रहेगा ज्यादा असर

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर तेज होने वाला है। पूर्वी हिस्से में सक्रिय लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ के असर से कई जिलों में शनिवार को नदी-नाले उफान पर रहे। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें जबलपुर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग के जिले शामिल हैं। भोपाल में हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक अगले 24 घंटे में श्योपुर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी और सीधी में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, हरदा, ग्वालियर, गुना, दतिया, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, मंडला, रीवा, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल,



उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं।

### भारी बारिश ने बढ़ाई परेशानी

शनिवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश ने परेशानी बढ़ाई। सीधी में करीब छह महीने पहले बनी 104 करोड़ रुपये की सड़क का बड़ा हिस्सा पानी के तेज बहाव में बह गया। वहीं पन्ना में उफनती नदी में एक डंपर बह गया। पन्ना के धरमपुर थाना क्षेत्र में कालिंजर से अजयगढ़ जा रहा डंपर शहपुरा नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया। चालक सनी उर्फ रोहित सिंह ने तैरकर अपनी जान बचाई। वहीं, सतना के नागौद क्षेत्र में ललचहा-इटमा नाले में तेज बहाव के दौरान बाइक समेत तीन लोग बह गए। बालेंद्र सिंह और दीपू पांडेय तैरकर बाहर निकल आए, जबकि तीसरा व्यक्ति तेज बहाव में बहने के बाद लापता है। छतरपुर के महाराजपुर क्षेत्र के हरपई पुरवा में कुम्हेड़ नदी का जलस्तर बढ़ने से करीब 250 से 300 लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पुल नहीं होने के कारण बारिश के दौरान ग्रामीणों का महाराजपुर से संपर्क मुश्किल हो जाता है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को उन्हें कंधे पर बैठाकर नदी पार करानी पड़ती है। बीमार, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। नरसिंहपुर में लगातार बारिश और बरगी बांध के गेट खुले होने से नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बरमान के रेतघाट पर बना पुल पूरी तरह पानी में डूब चुका है। वहीं नरसिंहपुर-जबलपुर को जोड़ने वाला झांसीघाट पुल भी जलमग्न होने की स्थिति में पहुंच गया है।

### 23 से 26 अगस्त तक बारिश का दौर

मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक 21 और 22 अगस्त को पूर्वी मध्य प्रदेश में बारिश का असर सबसे ज्यादा रहा। अब 23 से 26 अगस्त तक भी प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं। बारिश का प्रभाव धीरे-धीरे पश्चिमी मध्य प्रदेश की ओर बढ़ने की संभावना है।

### 40 जिलों में सामान्य से कम बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में अब तक 19 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, डिंडौरी, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी और टीकमगढ़ में सामान्य से 1 प्रतिशत से 51 प्रतिशत तक कम पानी गिरा है।

पश्चिमी मध्य प्रदेश के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में भी सामान्य से 2 प्रतिशत से 47 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है।

### 15 जिलों में सामान्य से ज्यादा पानी

इसके विपरीत अनूपपुर, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, बड़वानी, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन और राजगढ़ में सामान्य से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## मुख्यमंत्री साय आज कांवड़ यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को भिलाई और रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 9:40 बजे भिलाई के जयंती स्टेडियम पहुंचेंगे, जहां उनका समय आरक्षित रहेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री सुबह 10:50 बजे रायपुर के गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगल भवन पहुंचकर कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12:05 बजे वह मुख्यमंत्री निवास लौटेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2:00 बजे रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचेंगे, जहां दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक आयोजित ह्लसंवाद 2026ह्व कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ सोलर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 3:15 बजे संत धरमदास संग्रहालय सभागार पहुंचकर पुस्तक विमोचन समारोह में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह शाम 4:05 बजे सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास लौटेंगे।

## नेपाल ने नहीं मानी मस्क की शर्त, स्टारलिंक को शत प्रतिशत हिस्सेदारी देने से इनकार

**काठमांडू :** नेपाल ने अमेरिकी कंपनी स्टारलिंक को शत प्रतिशत स्वामित्व देने से इनकार कर दिया है। स्टारलिंक दुनिया के सबसे अमीर एलन मस्क की कंपनी है। नेपाल ने अपनी नई दूरसंचार नीति के हत 20 प्रतिशत स्थानीय साझेदारी के साथ विदेशी निवेश की शर्त रखी है। सरकार की इस शर्त ने स्टारलिंक को नेपाल में अपनी सेवा विस्तार के लिए फिलहाल रोक दिया है। नेपाल में 100 प्रतिशत स्वामित्व की शर्त के बीच विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी कंपनी को देश में लाकर डिजिटलीकरण का विस्तार करने का प्रयास तत्काल सफल होता नहीं दिख रहा है। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी सीमित रखने के लिए अनिवार्य स्थानीय साझेदार की पुरानी व्यवस्था पर कायम है। हाल ही में दूरसंचार नीति के मसौदे में दूरसंचार सेवा संचालित करने के इच्छुक विदेशी निवेशकों के लिए स्थानीय साझेदार को अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत हिस्सेदारी देने की पुरानी नीति को ही निरंतरता दी गई है। इस वजह से मस्क की कंपनी स्टारलिंक के लिए नेपाल में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करना आसान नहीं दिख रहा है। इसी वर्ष मई में ही स्टारलिंक की निदेशक रेबेका स्लिक हंटर नेपाल आई थीं। उन्होंने सूचना तथा संचार मंत्री डॉ. विक्रम तिमिल्सिना से मंत्रालय में मुलाकात कर नेपाल में भी इंटरनेट सेवा संचालित करने की अपनी इच्छा दोहराई थी। उन्होंने स्पष्ट किया था कि लाइसेंस में 100 प्रतिशत स्वामित्व स्टारलिंक का होने पर ही कंपनी सेवा शुरू कर सकती है। यदि ऐसा संभव नहीं हुआ तो नेपाल में सेवा देना संभव नहीं होगा। हंटर ने संचार मंत्रालय से लेकर दूरसंचार प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ अलग-अलग समय पर हुई बैठकों में कहा था कि स्टारलिंक किसी भी देश में सेवा संचालित करने के लिए स्थानीय साझेदार नहीं रखती और केवल 100 प्रतिशत अपने स्वामित्व वाली कंपनी के माध्यम से सेवा प्रदान करती है।

## प्रयागराज : गंगा-यमुना का जलस्तर स्थिर, सभी तटबंध सुरक्षित

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा और यमुना का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से काफी नीचे बना हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से 23 अगस्त को सुबह आठ बजे जारी जलस्तर रिपोर्ट के अनुसार दोनों नदियों के सभी तटबंध सुरक्षित हैं और कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। हालांकि, पिछले 24 घंटे में फाफामऊ में गंगा के जलस्तर में 16 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि नैनी में यमुना का जलस्तर छह सेंटीमीटर घटा है। जिला प्रशासन के अनुसार प्रयागराज में बाढ़ का खतरे का निशान 84.734 मीटर निर्धारित है। 23 अगस्त की सुबह आठ बजे यमुना का जलस्तर नैनी में 80.63 मीटर दर्ज किया गया। यहां पिछले 24 घंटे में जलस्तर में छह सेंटीमीटर की कमी आई है। नैनी क्षेत्र में इस अवधि में 53.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 81.27 मीटर रहा, जो पिछले 24 घंटे की तुलना में 16 सेंटीमीटर अधिक है। फाफामऊ क्षेत्र में 56.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं छतनाग में गंगा का जलस्तर 80.30 मीटर रहा और यहां 24 घंटे में चार सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। छतनाग में 64.0 मिलीमीटर वर्षा हुई। इसी तरह एसटीपी-बक्सी बांध पर जलस्तर 80.77 मीटर दर्ज किया गया, जहां पिछले 24 घंटे में 11 सेंटीमीटर की कमी आई है।

प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में सभी तटबंध सुरक्षित हैं। नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बारिश और नदियों के जलस्तर में संभावित बदलाव को देखते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल गंगा और यमुना दोनों नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे होने के कारण प्रयागराज में बाढ़ का तत्काल कोई खतरा नहीं है। हालांकि, लगातार हो रही वर्षा के कारण नदी के जलस्तर में होने वाले बदलाव पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

## अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करने वाले छह को पकड़कर भेजा वापस

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने आज सोशल मीडिया पर फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि अवैध अनुप्रवेश के विरूद्ध हम सदैव सतर्क हैं और आगे भी सतर्क रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि संदिग्ध मेहमानों के लिए असम में कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया है कि बीती रात दक्षिण सालमारा जिले में भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले छह लोगों की शिनाख्त कर उनके घुसपैठ को रोका गया। साथ ही उन्हें वापस पड़ोसी देश में लौटा दिया गया। मुख्यमंत्री ने किसी देश का नाम तो नहीं लिया, लेकिन यह साफ है कि दक्षिण सालमारा में पड़ोसी देश बांग्लादेश की सीमा लगती है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि घुसपैठ करने वाले लोगों के लिए हमारा स्पष्ट संदेश- असम और भारत की भूमि में गैरकानूनी रूप से कभी भी प्रवेश करने की कोशिश न करें, हमारा सख्त सक्रिय अभियान जारी रहेगा।

## यलो अलर्ट के बावजूद राजस्थान में सूखा रहा आसमान, बढ़ी गर्मी-उमस

**जयपुर :** राजस्थान में मानसून एक बार फिर सुस्त पड़ता नजर आ रहा है। मौसम विभाग की ओर से शनिवार को 18 जिलों में यलो अलर्ट जारी किए जाने के बावजूद प्रदेश में बारिश का असर बेहद सीमित रहा। ज्यादातर जिलों में पूरे दिन मौसम साफ रहा, जबकि कुछ स्थानों पर ही हल्की बारिश या बूंदाबांदी हुई। बारिश नहीं होने से दिन का तापमान बढ़ गया और गर्मी के साथ उमस ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग ने रविवार को भी प्रदेश के 14 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को प्रदेश में सबसे अधिक बारिश धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में 21 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा अलवर के लक्ष्मणगढ़ में 10 मिलीमीटर, कठूमर में 5 मिलीमीटर, धौलपुर के बसेड़ी में 4 मिलीमीटर और भरतपुर के नगर में 3 मिलीमीटर बारिश हुई। डूंगरपुर के चिखली में भी हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। इसके अलावा जयपुर, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहा।

बारिश का इंतजार कर रहे जिलों में तापमान में भी बढ़ोतरी हुई। चित्तौड़गढ़, कोटा, पिलानी, सीकर, चूरू और श्रीगंगानगर में बारिश नहीं होने के कारण तापमान सामान्य से करीब तीन डिग्री तक अधिक रहा। प्रदेश के नौ शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर पहुंच गया। श्रीगंगानगर में दिन का तापमान सर्वाधिक 39.6 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से मानसून ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर दिशा में बनी हुई है और फिलहाल वहीं अटकी हुई है। वर्तमान में मानसून ट्रफ अमृतसर, नजीबाबाद और हरदोई से होते हुए पूर्वी मध्यप्रदेश में बने वेल मार्क लो-प्रेशर एरिया से गुजर रही है तथा जमशेदपुर और दीघा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक पहुंच रही है। इसके कारण पंजाब, उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड के कई इलाकों में अच्छी बारिश हो रही है, जबकि राजस्थान में मानसून गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने रविवार को 14 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में इन क्षेत्रों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना बनी हुई है, लेकिन प्रदेश के बड़े हिस्से में फिलहाल गर्मी और उमस से राहत के लिए अच्छी बारिश का इंतजार जारी है।

न्यूज IN ब्रीफ

## भुइयांडीह में रजक समाज को मिला सामुदायिक भवन

**जमशेदपुर :** भुइयांडीह के पटेल नगर में नगर आवास एवं विकास विभाग की ओर से रजक समाज के लिए नवनिर्मित आधुनिक सामुदायिक विकास भवन का उद्घाटन बुधवार को किया गया। सांसद विद्युतवरण महतो एवं विधायक पूर्णिमा साहू ने संयुक्त रूप से भवन का उद्घाटन कर समाज एवं क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। करीब 21.48 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह आधुनिक सामुदायिक भवन रजक समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा। उद्घाटन पर सांसद एवं विधायक ने लोगों एवं स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी भी ली तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान पूर्वी विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजन सिंह, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, अरुण मिश्रा, धनराज गुप्ता समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता, रजक समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## केंदुआ में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज, जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**चलकुशा :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के चलकुशा प्रखंड अंतर्गत सेवाटांड़ पंचायत के ग्राम केंदुआ-02 में प्रिंस क्लब केंदुआ-02 एवं फलाहुल मुस्लिमीन कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट का विधिवत शुभारंभ हुआ। टूनामेंट का उद्घाटन झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। ज्ञात हो कि कमिटी द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 अगस्त को फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया जाता है। उद्घाटन समारोह में लगातार शामिल होने का अवसर मिलने पर जानकी प्रसाद यादव ने कमिटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव समेत सभी सदस्यों एवं केंदुआ-02 के ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। उद्घाटन मैच जोहार 11 एफसी और एचबी क्लू पुरनाथाम के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक. एक गोल किया और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। कमिटी द्वारा दोनों टीमों को पुनः खेलने का अवसर दिया जाएगा। मौके पर खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं को खेल से जोड़ने की दिशा में ऐसे आयोजन बेहद सराहनीय हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हजारीबाग चंदन देवी, बरकट्ठा उत्तरी जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया सुखदेव यादव, रामदेव यादव, देवेंद्र पांडेय, दशरथ यादव, केदार यादव, बाबूलाल यादव, लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## देवघर में 51.12 लाख श्रद्धालुओं ने किया बाबा बैद्यनाथ का जलार्पण




**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला 2026 को लेकर शनिवार को आरएल सर्राफ स्थित अस्थायी मीडिया सेंटर में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया और पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर की संयुक्त अध्यक्षता में साप्ताहिक प्रेसवार्ता हुई। उपायुक्त ने बताया कि 30 जुलाई से 21 अगस्त तक कुल 51,12,531 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया। इस दौरान बाबा मंदिर को 8.23 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। मेले में सुरक्षा के लिए 597 मजिस्ट्रेट व पदाधिकारी तथा 6763 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मेला क्षेत्र में 925 सीसीटीवी, 225 एआई कैमरे और पांच ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के 35 अस्थायी केंद्रों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का इलाज किया गया। वहीं 34 सूचना केंद्रों के माध्यम से 88,328 खोये-पाये कांवरियों का पंजीकरण हुआ, जिसमें 71,198 को उनके परिजनों से मिलाया गया। एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए 21 अस्थायी पुलिस ओपी और 13 यातायात ओपी बनाए गए हैं। अंतिम सोमवारी को संभावित भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस को पूरी तरह अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि सभी के सहयोग से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षित जलार्पण कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## नगर परिषद चक्रधरपुर के प्रशासक विजय कुमार हांसदा कर रहे हैं उत्कृष्ट कार्य




**चक्रधरपुर :** अधिकारी के बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से विभाग बेहतर बनने के साथ साथ उत्कृष्ट कार्यो से काफी सराहा जाता है जी हां हम बात कर रहे हैं चक्रधरपुर नगर परिषद के नगर प्रशासन विजय कुमार हांसदा की उनके योगदान देने के पश्चात से विभाग के कार्यों में काफी तेजी आई है भरपूर विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उनके योगदान देने के पश्चात से हालात और हालत दोनों काफी बेहतर हुए हैं। ऐसे अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और शहर दोनों गौरवान्वित होते हैं।

# पलामू के स्कूलों का संदेश : हेलमेट सीट बेल्ट से सुरक्षित बने प्रदेश

संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पलामू जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने आमजन को यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित आवागमन के प्रति जागरूक किया।

विद्यालयों में विद्यार्थियों ने तख्तियों और नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।

अभियान के तहत सभी विद्यालयों में सामूहिक सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य प्रतिभागियों ने यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने का संकल्प लिया।




विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति रचनात्मक और बौद्धिक जागरूकता बढ़ाने के लिए निबंध, पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। बच्चों ने चित्रों और रंगों के माध्यम से ट्रैफिक सिग्नल, तेज रफ्तार के खतरों, दुर्घटना रोकथाम और जीवन रक्षा से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए।

दुर्घटना से देर भलीह्न बना मूल मंत्र

अभियान का मूल संदेश रहा—ह्लदुर्घटना से देर भलीह्न विद्यालयों की ओर से विद्यार्थियों और अभिभावकों को समझाया गया कि कुछ मिनट की देरी स्वीकार्य है, लेकिन सड़क हादसे का जोखिम उठाना नहीं। सुरक्षित यात्रा के लिए धैर्य, सावधानी और यातायात नियमों का पालन जरूरी है।

विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता को नियमित गतिविधि बनाने पर भी जोर दिया गया। प्रार्थना सभा में समय-समय पर यातायात नियमों के पालन की शपथ, सड़क सुरक्षा क्लबों का गठन, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता रैलियां आयोजित करने की पहल की जा रही है। साथ ही यातायात पुलिस के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित कर व्यावहारिक सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने पर बल दिया गया।

स्कूलों के आसपास सुरक्षित आवागमन क्षेत्र विकसित करने के लिए नो-पार्किंग व्यवस्था, स्पीड ब्रेकर और जेब्रा क्रॉसिंग जैसी सुविधाओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई।

अभियान के माध्यम से पलामू के विद्यालयों ने संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

## ट्रेन के गेट पर बैठी महिला को आई झपकी, नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल

### जपला से बनारस जा रही थी शबनम बानो, सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में लगी चोट, बेहतर इलाज के लिए रेफर



मेट्रोरेज संवाददाता

**हुसैनाबाद :** जपला-नावाडीह रेलवे स्टेशन के बीच शनिवार सुबह ट्रेन से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा रेलवे के किलोमीटर संख्या 366/23-25 के पास हुआ। घायल महिला की पहचान हुसैनाबाद के इसलामगंज निवासी शबनम बानो (40), पति अकबर हुसैन के रूप में हुई है। हादसे में उसके सिर, बाएं बाजू और दाहिनी कोहनी में चोट आई है।

जानकारी के अनुसार, शबनम बानो जपला से बनारस जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई थी। परिजनों के मुताबिक ट्रेन में काफी भीड़ होने के कारण वह गेट के पास बैठी थी। इसी दौरान उसे झपकी आ गई और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गई। हादसे के बाद वह रेलवे ट्रैक के किनारे घायल अवस्था में पड़ी मिली।जपला स्टेशन मास्टर को महिला के घायल होने की सूचना मिली। इसके बाद रेलवे पुलिस के उप निरीक्षक रामनरेश राम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रेलवे कर्मियों की मदद से स्ट्रेचर के जरिए महिला को उठाया गया और निजी वाहन से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। महिला ने रेलवे कर्मियों को बताया कि ट्रेन के गेट के पास बैठने के दौरान उसे नींद आ गई थी, जिसके कारण वह नीचे गिर गई। स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला के पति अकबर हुसैन अस्पताल पहुंचे और उसे आगे के इलाज के लिए लेकर चले गए। हादसे के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

## स्टार्टर ले भागे चोर, जलापूर्ति बाधित पानी को तरसे ग्रामीण

मेट्रोरेज संवाददाता

**हुसैनाबाद :** बड़ेपुर पंचायत क्षेत्र के बुधुआ ब्रह्मस्थान रोड स्थित जलमीनार से पेयजलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों और राहगीरों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि जलमीनार में लगे सोलर पंप का स्टार्टर चोरी हो जाने के बाद से पानी की आपूर्ति ठप है। विडंबना यह है कि चोरी की घटना की सूचना अब तक पुलिस प्रशासन को भी नहीं दी गई है।

पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा बंद रहने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार से आसपास के लोगों को पानी उपलब्ध होता था, लेकिन पंप का स्टार्टर चोरी होने के बाद व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। इससे ग्रामीणों के साथ-साथ सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकारी योजना के तहत स्थापित जलमीनार के महत्वपूर्ण उपकरण की चोरी के बाद भी इसकी सूचना पुलिस को क्यों नहीं दी गई। चोरी की घटना की प्राथमिकी नहीं होने से व्यवस्था की निगरानी और जिम्मेदारी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

मामले में बड़ेपुर पंचायत की मुखिया से पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। पंचायत के कामकाज में मुखिया के पति की सक्रिय भूमिका को लेकर क्षेत्र में पहले से ही चर्चा रहती है। ऐसे में ग्रामीणों का सवाल है कि जलमीनार जैसी सार्वजनिक सुविधा की देखरेख और चोरी के बाद कार्रवाई की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।ग्रामीणों ने संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन से अविलंब जलमीनार के सोलर पंप का स्टार्टर लगाकर पेयजलापूर्ति बहाल कराने तथा चोरी की घटना की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकारी संसाधनों की सुरक्षा में लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।



## अबू बकर सिद्दीकी झारखंड के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं



बिनय मिश्रा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2003 बैच के आईएएस अधिकारी की बात चलने पर अबू बकर सिद्दीकी का नाम स्वत जुबा पर चला आता है इसकी प्रमुख वजह यह है कि श्री सिद्ध की वर्तमान समय में वन विभाग एवं कृषि विभाग के सचिव हैं तथा उनके पदा स्थापना काल से लेकर अब तक इन दोनों विभाग को बेहतर विकास गति भी मिली है जिसके फल स्वरुप यह दोनों विभाग अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है और निश्चित रूप से इसका श्रेय वर्तमान सचिव अबू बकर सिद्दीकी को जाता है श्री सिद्धकी के द्वारा इन दोनों विभाग को भरपूर विकास गति दी गयी है और इसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं हाल ही में कृषि मेला ने झारखंड ने इतिहास रचने का भी कार्य किया अबू बकर सिद्दीकी इससे पूर्व सिमडेगा गोड्डा और पश्चिम सिंहभूम चाईबासामें उपायुक्त के रूप में पदस्थापित रहे इन जिलों में उनके द्वारा किए गए बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो का ही यह परिणाम है कि आज भी वह इन जिलों में लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में पहचाने जाते हैं तथा कई महत्वपूर्ण विभाग के सचिव भी रहे हैं और अपने पदस्थापना कल में विभाग को भरपूर विकास गति देने का भी कार्य किया ऐसे लिए अधिकारी से निश्चित तौर पर राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैंहैं ऐसे लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी पर हमें गर्व और नाज भी है

## प्राचीन हनुमान मंदिर में श्याम बाबा की हो रही है पूजा अर्चना



संवाददाता

चक्रधरपुर के हृदय स्थली माने जाने वाले स्थानीय बाटा रोड में अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में इन दिनों श्याम बाबा की पूजा अर्चना तथा भजन और कीर्तन निरंतर जारी है मंदिर में श्याम बाबा की पूजा अर्चना करने वाले विश्वनाथ पाठक बताते हैं कि श्याम बाबा की प्रतिदिन मंदिर परिसर में पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चल रहा है जो निरंतर राखी पूर्णिमा अर्थात 28 अगस्त तक निरंतर जारी रहेगा गौरतलब हो कि मंदिर के पुजारी विश्वनाथ पाठक स्वयं प्रतिदिन पूजा अर्चना और भजन कीर्तन में उपस्थित होकर श्रद्धालु और भक्त जनों का उमंग और उत्साह दोनों बढ़ा रहे हैं।

## डोमचांच में दौड़ा जोश और जुनून, 7 किमी महा मैराथन में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा) :** कोडरमा जिले के डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में भव्य 7 किलोमीटर महा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं और खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैराथन के स्पॉन्सर समाजसेवी संजय मेहता के पुत्र अंशु मेहता रहे। प्रतियोगिता में डोमचांच और कोडरमा के अलावा झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, नेपाल बॉर्डर क्षेत्र सहित अन्य राज्यों से पहुंचे सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान से हुआ। धावकों ने विद्यालय मैदान से दौड़ शुरू कर शहीद चौक, ढाब रोड, कालीमंडा और महेशपुर होते हुए निर्धारित सात किलोमीटर की दूरी पूरी की और पुनः सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान पहुंचे। इस दौरान सड़क पर धावकों का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। प्रतिभागियों ने अपनी पूरी ताकत और दमखम के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। दौड़ समाप्त होने के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में डोमचांच नगर अध्यक्ष



उमेश वर्मा, प्रखंड प्रमुख डॉ. सत्यनारायण यादव, नगर उपाध्यक्ष आदर्श कुमार पंकज उर्फ अजय साव, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता एवं बसंत मेहता ने संयुक्त रूप से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। आयोजकों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 15 हजार रुपये, द्वितीय को 10 हजार रुपये तथा तृतीय को 5 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं चतुर्थ से बीसवें स्थान तक रहने वाले प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपये एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भीम सिंह ने किया। मौके पर सरोज कुमार रनर, आकाश मेहता, किशोर मेहता, दीपक कुमार, संजीव कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजन ने क्षेत्र में खेल भावना और युवाओं के बीच फिटनेस के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया।